दैनिक
# बुलन्द मंज़िल
PRGI NO. - UPBIL/25/A4797
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)
उ.प्र. के जनपद सम्भल से प्रकाशित...
बरेली मण्डल व मुरादाबाद मण्डल के जनपद अमरोहा, रामपुर, बिजनौर से प्रसारित...
वर्ष : 01 | अंक : 116 | संभल, बुधवार 08 अप्रैल 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 05/-रू.



पेज :- 03- गांव होंगे आत्मनिर्भर, कूड़ा प्रबंधन से बढ़ेगी कमाई...
पेज :- 04- महिला सशक्तिकरण को मिला सम्मान, 36 प्रतिभाओं ...

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा में सभी अदालतों में लागू होगी ई-समन प्रणाली

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने न्यायिक प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से ने राज्यभर की अदालतों में ई-समन प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार, विभिन्न विभागों के अधीन कार्यरत सभी न्यायालयों तथा राजस्व न्यायालयों में समन जारी करने और उनकी तामील के लिए ई-समन प्रणाली का अनिवार्य रूप से उपयोग किया जाएगा।

### बिरला ने सीईसी के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव खारिज किया

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लाए गए महाभियोग प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। यह प्रस्ताव विपक्षी दलों द्वारा लाया गया था, जिसमें चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और निष्पक्षता को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए थे। सूत्रों के अनुसार, विपक्ष के कुछ सांसदों ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने के लिए महाभियोग प्रस्ताव का नोटिस दिया था। इस प्रस्ताव में आरोप लगाया गया था कि चुनाव प्रक्रिया के संचालन में निष्पक्षता और पारदर्शिता से समझौता किया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ने इस प्रस्ताव की प्रारंभिक जांच के बाद इसे नियमों के अनुरूप नहीं पाया और इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

### दिल्ली विवि के दो कॉलेजों में बम धमाके की धमकी से हड़कंप

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बीते कुछ दिनों से शिक्षण संस्थानों में बम की धमकी लगातार मिल रही है। सोमवार, 6 अप्रैल को दिल्ली यूनिवर्सिटी के रामजस कॉलेज और मिरांडा कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी मिली। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद कॉलेज में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में कॉलेज परिसर को खाली कराया गया। दिल्ली पुलिस ने बताया कि बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड को तुरंत मौके पर भेजा गया और वे पूरे परिसर में तलाशी ली गई।

### दिल्ली विधानसभा की सुरक्षा में सेंध, गेट तोड़कर अंदर घुसी कार



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा की सुरक्षा में एक बड़ी चूक का मामला सामने आया है। यहां एक अज्ञात कार गेट तोड़कर परिसर के अंदर घुस गई और फिर वहां से फरार होने में भी सफल रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार कार ने विधानसभा के गेट को टक्कर मारी और उसे तोड़कर अंदर दाखिल हो गई। अचानक हुई इस घटना से वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों में हड़कंप मच गया। इससे पहले कि उसे रोका जाता, चालक कार समेत मौके से भाग निकलने में कामयाब रहा। हालांकि उसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

**गांधी प्राणी उद्यान** | चिड़ियाघर में मौजूद हैं कई दुर्लभ प्रजातियों के जानवर

# प्रदेश में सफेद टाइगरों का हब बना ग्वालियर लगातार बढ़ती पैदाइश ने दिलाई नई पहचान

■ ग्वालियर

प्रदेश में गांधी प्राणी उद्यान अब सफेद टाइगरों की पैदाइश का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। मादा टाइगर 'मीरा' द्वारा एक सफेद टाइगर समेत तीन शावकों को जन्म देने के बाद यहां टाइगरों की कुल संख्या बढ़कर 10 हो गई है। इनमें 4 सफेद और 6 रॉयल बंगाल टाइगर शामिल हैं। कुल संख्या में 4 नर, 3 मादा और 3 नवजात शावक हैं। सफेद टाइगरों की लगातार हो रही पैदाइश ग्वालियर को प्रदेश में अलग पहचान दे रही है। विशेषज्ञों के मुताबिक सफेद टाइगर दुर्लभ होते हैं और इनका सफल प्रजनन बेहतर देखभाल अनुकूल वातावरण और वैज्ञानिक प्रबंधन का परिणाम होता है।

अगर प्रदेश स्तर पर तुलना करें तो कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय इंदौर में टाइगरों की संख्या 13 है, लेकिन इनमें सिर्फ 1 सफेद टाइगर है, जबकि एक काला और 11 पीले टाइगर शामिल हैं। यहां 6 शावक भी हैं, लेकिन सफेद टाइगरों की पैदाइश सीमित है। वहीं रीवा, जिसे कभी सफेद टाइगरों की धरती माना जाता था, वहां वर्तमान में सिर्फ दो सफेद व 5 पीले टाइगर ही मौजूद हैं। ऐसे में ग्वालियर चिड़ियाघर की उपलब्धि और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। पूरे विश्व में बाघों की कम होती संख्या सभी के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। यही वजह है कि विभिन्न देशों में बाघों को शिकार को प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही बाघों के कुनबों को बढ़ाने के लिए विश्व स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। ग्वालियर के गांधी प्राणी उद्यान में लगातार बाघों का कुनबा बढ़ रहा है।

### भोपाल में एक भी नहीं, रीवा में दो, इंदौर में एक



**प्रदेश के चार वन्य प्राणी उद्यानों में कुल 7 सफेद टाइगर हैं। इसमें से सर्वाधिक सफेद टाइगरों की संख्या गांधी प्राणी उद्यान ग्वालियर में हैं। यहां कुल चार सफेद टाइगर हैं जबकि रीवा में 2 एवं इंदौर में 1 सफेद टाइगर है। भोपाल की बात करें तो भोपाल में एक भी सफेद टाइगर नहीं है। रीवा में सफेद टाइगरों का प्रजनन नहीं हो रहा, बल्कि उन्हें कहीं और से लाया गया है। ग्वालियर में लगातार सफेद बाघों का प्रजनन होना बहुत बड़ी उपलब्धि है।**

**इंदौर में टाइगरों की संख्या है 13, इनमें एक सफेद**

**वर्ष 2010 में दिल्ली से आई थी मादा जमुना** | यहां का मौसम सफेद टाइगरों को बहुत रास आया है। गांधी प्राणी उद्यान में वर्ष 2010 में नेशनल जूलोजिकल पार्क नई दिल्ली से सफेद टाइगर मादा जमुना ग्वालियर लाई गई थी, तभी से चिड़िया घर में संरक्षित बाघों के कुनबे में बढ़ोत्तरी हुई है। जुमना ने सफेद बाघिन मीरा को जन्म दिया था। इसके बाद यहां बाघों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

### वर्तमान में यहां बाघों का कुनबा इस प्रकार है

| टाइगर | रंग |
|---|---|
| सिंबा (नर) | पीला |
| तेजस (नर) | सफेद |
| लव (नर) | पीला |
| दुर्गा (मादा) | पीली |
| सुल्तान (नर) | सफेद |
| मीरा (मादा) | सफेद |
| सिद्धि (मादा) | पीली |

*नोट :- मादा से जन्मे दो शावक पीले व एक शावक सफेद (इनके लिंग की पहचान कुछ दिनों में कर ली जाएगी)*

### 1922 में बना था गांधी प्राणी उद्यान

ग्वालियर चिड़ियाघर की स्थापना 1922 में माधो राव सिंधिया द्वारा की गई थी। गांधी चिड़ियाघर में वास्तव में कई दुर्लभ प्रजातियों के जानवर मौजूद हैं। यह चिड़ियाघर परिवार के साथ घूमने के लिए एक सुखद जगह है, खासकर बच्चों के लिए। यह उन लोगों के लिए भी एक आकर्षक जगह है जो शहर में वन्यजीवों को देखना चाहते हैं। यहां आपको सफेद बाघ जैसी दुर्लभ और संरक्षित प्रजातियां देखने को मिलेंगी।

### चिड़ियाघर में टाइगरों का कुनबा

चिड़ियाघर में वर्ष 2023 में मादा टाइगर दुर्गा ने दो शावकों को जन्म दिया था। इसके बाद 28 जून 2024 की मध्य रात्रि भी दुर्गा ने तीन शावकों को जन्म दिया। 5 अगस्त 2024 को मीरा ने भी तीन शावकों को जन्म दिया था। उसके बाद लगभग 20 महीने बाद मादा मीरा ने फिर से तीन शावकों को जन्म दिया है।



### बच्चों को लेकर काफी संवेदनशील है मीरा

रविवार को जिन तीन शावकों को मीरा ने जन्म दिया है वह पूरी तरह स्वस्थ है। मीरा अपने शावकों को लेकर पूरी तरह संवेदनशील रहती है। वह अपने पास किसी को भी नहीं आने देती। साथ ही जगह बदलने पर पहले शावकों को लेकर जाती है। चिड़ियाघर कर्मचारी भी कहते है कि मीरा शावकों के प्रति काफी गंभीर रहती है।



**सकारात्मक संकेत**
जिस तरह से सफेद टाइगरों की ब्रीडिंग हो रही है, वह न केवल संरक्षण की दिशा में सकारात्मक संकेत है, बल्कि भविष्य में इसे प्रदेश का व्हाइट टाइगर हब भी बना सकता है।
**डॉ. उपेन्द्र यादव,** चिड़ियाघर प्रभारी

# जीवाजी विवि की कार्यपरिषद में छह नए सदस्य हुए नामित



भानुप्रताप सिंह | डॉ. कुमार संजीव | मनु सिंह | प्रदीप शर्मा | डॉ. ऋतु नामधारी

■ ग्वालियर

जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की कार्यपरिषद में छह नए सदस्यों की नियुक्ति की गई है। यह नामांकन मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत कुलाधिपति द्वारा किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सभी सदस्यों का कार्यकाल 2 अप्रैल 26 से 1 अप्रैल 2029 तक निर्धारित किया गया है। कार्यपरिषद में नामित किये गए नए सदस्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित हैं और शिक्षा सेवा व सामाजिक गतिविधियों से सक्रिय रूप से जुड़े हैं। नए कार्यपरिषद् सदस्यों में शासकीय अभिभाषक भानुप्रताप सिंह चौहान, प्रदीप कुमार शर्मा, समाजसेवी डॉ. ऋतु नामधारी, मध्य भारतीय हिंदी साहित्य सभा के अध्यक्ष एवं सुप्रसिद्ध चिकित्सक व समाजसेवी डॉ. कुमार संजीव, डॉ. रूप नारायण मांडवे तथा सुश्री मनु चन्द्रभान सिंह के नाम शामिल हैं। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन ने औपचारिक अधिसूचना जारी कर दी है।

# बस्तर के भविष्य पर दिल्ली में निर्णायक बैठक आज

■ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज मंगलवार को दिल्ली में सुबह 11:30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इसी दिन वे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री साय का यह दौरा खास तौर पर बस्तर के भविष्य को लेकर बेहद अहम माना जा रहा है। इस बार बैठक का मुख्य फोकस 'पोस्ट-माओइस्ट सीनारियो' यानी माओवाद के प्रभाव में कमी के बाद बस्तर के समग्र विकास पर रहेगा। मुख्यमंत्री साय प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के समक्ष बस्तर के विकास का एक विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत करेंगे।



सूत्रों के अनुसार, अब देश का ध्यान बस्तर के विकास पर केंद्रित हो रहा है। सुरक्षा के क्षेत्र में मिले सकारात्मक परिणामों के बाद सरकार की प्राथमिकता इस क्षेत्र को तेजी से विकास की मुख्यधारा में लाना है। मुख्यमंत्री अपनी प्रस्तुति में बस्तर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, उद्योगों को बढ़ावा देने, निवेश आकर्षित करने, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने और आदिवासी क्षेत्रों के समावेशी विकास की रूपरेखा साझा करेंगे। इस बैठक को बस्तर के लिए एक निर्णायक मोड़ माना जा रहा है, जहां सुरक्षा से आगे बढ़कर विकास, निवेश और स्थायी शांति पर जोर दिया जाएगा।

**आपराधिक अवमानना का मामला**

# विधायक पाठक ने उच्च न्यायालय से मांगी माफी, कहा- गलती हो गई

- ■ न्यायालय ने खुद पेश होने का दिया आदेश
- ■ अब अगली सुनवाई 21 अप्रैल को होगी



■ जबलपुर

विजय राघवगढ़ से भारतीय जनता पार्टी के विधायक संजय पाठक द्वारा जज को फोन करने के मामले में चल रहे आपराधिक अवमानना के प्रकरण में सोमवार को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में अहम सुनवाई हुई है। मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और न्यायाधीश विनय सराफ की खंडपीठ के समक्ष विधायक की ओर से हलफनामा प्रस्तुत कर बिना शर्त माफी मांगी गई।

इस हलफनामे में यह कहा गया है कि संबंधित जज को फोन गलती से लग गया था और कोई जानबूझकर संपर्क करने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। इसकी सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए और उन्होने न्यायालय को बताया कि कॉल लगने के तुरंत बाद उसे काट दिया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि इसके बाद केवल एक मैसेज आईएम संजय पाठक भेजा गया, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यह मिस कॉल किसकी ओर से था। इसके साथ ही यह भी दलील दी गई कि जिस याचिका की सुनवाई चल रही थी, वह सीधे तौर पर संजय पाठक के खिलाफ नहीं बल्कि उनके परिजनों से संबंधित थी और उनके खिलाफ दायर याचिकाएं राजनीतिक कारणों से प्रेरित हैं।

### कोर्ट ने उपस्थिति की अनिवार्य

हालांकि, मप्र उच्च न्यायालय ने मामले को गंभीर मानते हुए अगली सुनवाई में संजय पाठक की व्यक्तिगत उपस्थिति अनिवार्य कर दी है। खंडपीठ ने निर्देश दिया कि 21 अप्रैल को होने वाली अगली सुनवाई में विधायक स्वयं जबलपुर उच्च न्यायालय में उपस्थित रहें। उल्लेखनीय है कि यह मामला उस समय सुर्खियों में आया था जब एक जज ने ऑर्डर शीट में यह दर्ज कर दिया था कि उन्हें फोन पर अप्रोच किया गया, जिसके बाद उन्होंने खुद को मामले की सुनवाई से अलग कर लिया था और उच्च न्यायालय ने स्वत: संज्ञान लेकर आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू की थी।

### राज्यसभा में 19 सांसदों ने ली शपथ

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और ओडिशा से चुनकर आए नेताओं ने सोमवार को राज्यसभा सांसद के तौर पर शपथ ली। यहां नवनिर्वाचित और पुनः निर्वाचित कुल 19 सदस्यों ने सोमवार शपथ ली। एनसीपी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, केंद्रीय मंत्री व महाराष्ट्र की रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के नेता रामदास अठावले, एआईएडीएमके के वरिष्ठ नेता थंबीदुरई व डीएमके के तिरुची शिवा जैसे वरिष्ठ नेता शपथ लेने वालों में शामिल रहे हैं। राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने राज्यसभा कक्ष में सभी सदस्यों को शपथ दिलाई।

**इन्होंने ली शपथ** | रामदास आठवले, माया चिंतामन इवनाते, शरदचंद्र पवार, रामराव सखाराम वडकुटे, ज्योति नागनाथ वाघमारे, क्रिस्टोफर मणिकम, अंबुमणि रामदोस, कोंस्टांडिन रवींद्रन, एल. के. सुधीश, एम. थंबीदुरई, तिरुची शिवा, बाबुल सुप्रियो बराल, मेनका गुरुस्वामी, राजीव कुमार, रुक्मिणी मलिक, बिस्वजीत सिन्हा, संतृप्त मिश्रा, दिलीप कुमार रे और मनमोहन सामल शामिल रहे।

# शिवपुरी नपाध्यक्ष से असंतुष्ट पार्षदों ने भोपाल में प्रदेश अध्यक्ष से की शिकायत

### खंडेलवाल ने 10 दिन के अंदर समस्याओं का निराकरण करने दिया आश्वासन



प्रदेश भाजपा कार्यालय में एकत्रित पार्षद।

■ शिवपुरी

शिवपुरी नगर पालिका में अध्यक्ष को लेकर भाजपा पार्षदों की नाराजगी कम होने का नाम नहीं ले रही है। नाराज भाजपा पार्षद पिछले एक वर्ष से लगातार विरोध दर्ज करा रहे हैं। सोमवार को असंतुष्ट 12 पार्षदों का दल भाजपा के प्रदेश कार्यालय पहुंचा। यहां उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल से मुलाकात कर अपनी नाराजगी जाहिर की। नाराज पार्षदों ने भाजपा की ही नपा अध्यक्ष गायत्री शर्मा के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें पद से हटाओ नहीं तो हमारी भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा स्वीकार करो। इस संबंध में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता रीढ़ की हड्डी होता है और कार्यकर्ता बनना मुश्किल की बात है। जबकि आप तो एक निर्वाचित भाजपा के जनप्रतिनिधि (पार्षद) भी हो और पुराने कार्यकर्ता हो आपकी सुनवाई की जाएगी और समस्या का समाधान भी होगा। उन्होंने बातचीत के दौरान पार्षदों से 10 दिन का समय मांगा।

### दर्ज कराया अपना विरोध

वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद ओमप्रकाश जैन ओमी, वार्ड क्रमांक 20 के पार्षद विजय बिंदास, वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद राजा यादव, वार्ड क्रमांक 18 के पार्षद रीना कुलदीप शर्मा, वार्ड क्रमांक 21 पार्षद रघुराज राजू गुर्जर, वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद रितु डिंपल जैन, वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद प्रतिभा गोपी शर्मा, वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद सरोज धाकड़, वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद श्रीमती नीलम बघेल, वार्ड क्रमांक 31 की पार्षद मीना पंकज बाथम, वार्ड क्रमांक 37 के पार्षद गौरव बंसल, वार्ड क्रमांक 28 के पार्षद ताराचंद राठौर शामिल हैं।

# ढाई सौ से ज्यादा जज इधर से उधर

■ जबलपुर

मप्र उच्च न्यायालय द्वारा रविवार पांच अप्रैल को देर रात जारी ढाई सौ से ज्यादा जजों के तबादला आदेश जारी किए। न्यायालय प्रशासन द्वारा एक साथ पांच अलग-अलग आदेश जारी किए गए। इनमें सिविल जज (सीनियर और जूनियर डिवीजन), मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और अन्य महत्वपूर्ण पद शामिल हैं। इस बड़े पैमाने के फेरबदल को न्यायिक प्रशासन के पुनर्गठन की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। इस पूरे फेरबदल में न्यायिक संतुलन, कार्यक्षमता और पारदर्शिता को ध्यान में रखा गया है। उच्च न्यायालय ने सभी स्थानांतरित न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे 20 अप्रैल 2026 तक अपने वर्तमान पद से कार्यमुक्त होकर नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करें। इतने बड़े पैमाने पर हुए तबादलों को प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था में एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है, जिससे आने वाले समय में न्यायिक कार्यप्रणाली पर व्यापक प्रभाव पड़ने की संभावना है।

### सीनियर डिवीजन

आदेश क्रमांक 355//2026 के तहत सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के 58 अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। इसमें अतुल यादव, पुष्पराज सिंह उइके, अमित नागयाच, विजय कुमार पाठक और तथागत याज्ञिक जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं, जिनके कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए प्रदेश के विभिन्न जिलों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसके अलावा जितेंद्र मेहर, नरेंद्र भंडारी, विक्रम सिंह डावर, रवींद्र शिल्पी, सूर्यपाल सिंह राठौर सहित कई अन्य अधिकारियों को भी एक जिले से दूसरे जिले में भेजा गया है।

**जूनियर डिवीजन** | वहीं आदेश क्रमांक 359/2026 के तहत सिविल जज (जूनियर डिवीजन) स्तर पर सबसे बड़ा फेरबदल किया गया है, जिसमें 190 से अधिक न्यायिक अधिकारियों के तबादले शामिल हैं। इस सूची में अमन सुलिया, अंशुल ताम्रकार, सौरभ गोस्वामी, विवेक सिंह राजन, दिव्या रामटेके, प्राची सिंह पटेल, अंकिता जैन और ब्रजेश कुमार चंसोरिया जैसे कई नाम प्रमुख रूप से सामने आए हैं। इस व्यापक सूची में प्रदेश के लगभग सभी जिलों से जुड़े न्यायिक अधिकारियों को नई पदस्थापना दी गई है। इसके अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) स्तर पर भी महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं, जहां कई जिलों में नए सीजेएम की नियुक्ति की गई है। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) और राज्य न्यायिक अकादमी में भी अधिकारियों की नई तैनाती कर प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने का प्रयास किया गया है।

**दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 8वां दीक्षांत समारोह, उपराष्ट्रपति बोले**

# भारत के बौद्धिक विकास के लिए स्वतंत्र मानसिकता महत्वपूर्ण

■ सोनीपत

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को हरियाणा के सोनीपत जिले के मुरथल में स्थित दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया।उपराष्ट्रपति ने हरियाणा के धर्म क्षेत्र की पवित्र भूमि पर अपनी उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने दीनबंधु छोटू राम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें सत्यनिष्ठा, सामाजिक न्याय और दूरदर्शी नेतृत्व का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि दीनबंधु छोटू राम ने अपना जीवन किसानों और वंचित समुदायों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने एवं उनके सम्मान को पुनर्स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उपराष्ट्रपति ने उनके योगदानों को रेखांकित करते हुए कहा कि सहकारी संस्थाओं और न्यायसंगत भूमि प्रथाओं पर उनके जोर ने एक मजबूत कृषि ढांचे की नींव रखी। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों ने हरियाणा को एक प्रगतिशील और समृद्ध कृषि प्रधान राज्य के रूप में उभरने में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसने भारत की खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण विकास में अहम भूमिका निभाई। उपराष्ट्रपति ने स्नातक छात्रों को बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की कि स्वर्ण पदक विजेताओं में लगभग 64 प्रतिशत महिलाएं थीं और कुल स्नातक छात्रों में महिलाओं की संख्या लगभग 50 प्रतिशत थी। उन्होंने इसे हाल के वर्षों में महिला-केंद्रित विकास के माध्यम से आए परिवर्तनकारी बदलावों का प्रतिबिंब बताया। उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियानों और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी पहलों के माध्यम से किए गए निरंतर प्रयासों से हरियाणा में जेंडर अनुपात में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जो सामाजिक परिवर्तन और समावेशिता का एक प्रेरक उदाहरण है।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने कोविड टीके किए निर्मित



उपराष्ट्रपति ने कोविड-19 महामारी के दौरान भारत की प्रतिक्रिया को याद करते हुए कहा कि जब दुनिया इस संकट से जूझ रही थी, तब कई देशों और बहुराष्ट्रीय दवा कंपनियों ने टीके विकसित किए, जिनमें से कुछ ने अधिक लाभ के लिए उनका पेटेंट कराने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने टीके विकसित किए और उन्हें अपनी जनता को नि:शुल्क उपलब्ध कराया, साथ ही 100 से अधिक देशों को भी इनकी आपूर्ति की। उन्होंने कहा कि यह भारत की भावना और महानता को दर्शाता है।

### नशीले पदार्थों के दुरुपयोग पर चिंता

उपराष्ट्रपति ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, क्वांटम कंप्यूटिंग और हरित प्रौद्योगिकियों के परिवर्तनकारी प्रभाव की चर्चा की। उन्होंने छात्रों से इन उभरते क्षेत्रों को जिज्ञासा और जिम्मेदारी के साथ अपनाने तथा अपने ज्ञान का उपयोग राष्ट्र निर्माण के साधन के रूप में करने का आग्रह किया। उपराष्ट्रपति ने नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खतरे पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं से मादक पदार्थों का दृढ़तापूर्वक त्याग करने और स्वास्थ्य, उद्देश्य और सकारात्मकता का मार्ग अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को नशामुक्त समाज के राजदूत बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

CMYK

संपादकीय

# शिक्षा सुधार और राष्ट्र निर्माण की नई राह

किसी भी राष्ट्र की मौलिक पहचान उसकी सांस्कृतिक विरासत और शिक्षा प्रणाली में निहित होती है। जब शिक्षा अपने मूल्यों से भटककर बाहरी प्रभावों के दबाव में आने लगती है, तब न केवल सांस्कृतिक अस्मिता संकट में पड़ती है, बल्कि सामाजिक संतुलन भी प्रभावित होता है। नेपाल इसी संक्रमण काल से निकल रहा है, जहां नई पीढ़ी ने बदलाव की मांग को आंदोलन का स्वर दिया और सत्ता परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया। युवा चेतना के इस उभार ने न केवल राजनीतिक समीकरण बदले, बल्कि शासन की प्राथमिकताओं को भी पुनर्परिभाषित किया। प्रधानमंत्री बालेन शाह के नेतृत्व में मौजूदा शिक्षा प्रणाली में जो सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं, वे इस बदलाव के ठोस संकेत हैं। शिक्षा संस्थानों को राजनीति से मुक्त करने का निर्णय इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे अकादमिक वातावरण को निष्पक्ष और केंद्रित बनाया जा सके। सरकार द्वारा कोचिंग संस्थानों और तथाकथित 'ब्रिज कोर्स' पर प्रतिबंध लगाने का फैसला भी शिक्षा के व्यावसायीकरण पर प्रहार है। ये संस्थान जहां एक ओर छात्रों पर मानसिक दबाव बढ़ाते थे, वहीं अभिभावकों के लिए आर्थिक बोझ का कारण बनते थे। ऐसे में इन पर नियंत्रण शिक्षा को समान अवसर और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की ओर ले जाने का प्रयास है। इसी क्रम में विदेशी नामों से संचालित शिक्षण संस्थानों को स्थानीय पहचान अपनाने का निर्देश सांस्कृतिक स्वाभिमान को पुनर्स्थापित करने का प्रयास है। साथ ही, प्राथमिक स्तर तक परीक्षा प्रणाली को समाप्त कर वैकल्पिक मूल्यांकन लागू करना बच्चों के समग्र विकास की दिशा में एक प्रगतिशील कदम माना जा सकता है। हालांकि, इन सुधारों की सफलता उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी। शिक्षा को राजनीति और बाजार के प्रभाव से मुक्त कर उसे राष्ट्रनिर्माण का माध्यम बनाना ही इस पहल की वास्तविक कसौटी होगी। नेपाल का यह प्रयोग न केवल उसकी आंतरिक संरचना को मजबूत कर सकता है, बल्कि अन्य देशों के लिए भी एक अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत कर सकता है।

# सियासत में छवि बनाम संगठन का संघर्ष

जनसरोकारों को संसद में मुखरता से उठाना लोकतंत्र की आत्मा माना जाता है, लेकिन जब किसी सांसद की यह मुखरता अपनी ही पार्टी के भीतर असहजता पैदा करने लगे, तो सवाल उठना स्वाभाविक है। हालिया घटनाक्रम में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को पार्टी के उपनेता पद से हटाए जाने का मामला इसी द्वंद्व को उजागर करता है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली 'आप' ने हाल ही में राघव चड्ढा को राज्यसभा में उपनेता पद से हटा दिया और उनकी जगह आशोक मित्तल को नियुक्त कर दिया। साथ ही पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखकर चड्ढा को पार्टी कोटे से बोलने का समय न दिए जाने की अनुरोध भी किया। इस कदम के बाद दोनों पक्षों के बीच सार्वजनिक वाकयुद्ध शुरू हो गया है। दरअसल, राघव चड्ढा ने बीते महीनों में संसद के भीतर जिन मुद्दों को उठाया, वे आम जनता की रोजमर्रा की समस्याओं से जुड़े थे, गिग वर्कर्स के अधिकार, स्कूल फीस की बढ़ती दरें, एयरलाइन नीतियों की असमानताएं और टेलीकॉम कंपनियों की मनमानी। ये सभी विषय जनहित से सीधे जुड़े हैं, लेकिन पार्टी नेतृत्व को यह महसूस हुआ कि इन मुद्दों के चयन और प्रस्तुति में संगठन की प्राथमिकताओं से अधिक व्यक्तिगत पहचान गढ़ने की झलक दिखाई दे रही है।


राघव चड्ढा ने अपने जवाब में कहा कि वे 'खामोश' तो किए जा सकते हैं, लेकिन 'पराजित' नहीं। उन्होंने एक वीडियो जारी कर संसद में उठाए गए अपने मुद्दों को हाइ-लाइट किया, जिसमें गिग वर्कर्स के अधिकार, 28 दिन वाले मोबाइल रिचार्ज चक्र की समस्या, एयरपोर्ट पर महंगे खाने की दरें जैसी रोजमर्रा की उपभोक्ता समस्याएं शामिल हैं। ये मुद्दे मध्यवर्ग व आम जनता के जीवन से सीधे जुड़े हैं और सोशल मीडिया पर काफी चर्चित भी रहे। दूसरी ओर आप नेतृत्व का आरोप है कि चड्ढा ने पंजाब के प्रमुख मुद्दों (जो पार्टी की प्राथमिकता हैं) को संसद में पर्याप्त रूप से नहीं उठाया। पार्टी चाहती थी कि उसके सांसद केंद्र सरकार की नीतियों (महंगाई, बेरोजगारी और अन्य बड़े राजनीतिक मुद्दों) पर अधिक आक्रामक तरीके से सवाल उठाएं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि चड्ढा की अनुपस्थिति या



कुछ प्रमुख पार्टी कार्यक्रमों/संकटों (जैसे दिल्ली शराब घोटाले के समय) में सक्रिय भूमिका न निभाने से भी असहजता बढ़ी। यह मामला राजनीति में एक बड़े सवाल को सामने लाता है, क्या संसद में जनहित के मुद्दे उठाना हमेशा पार्टी की सामूहिक रणनीति से मेल खाना चाहिए? या सांसद को कुछ हद तक स्वतंत्रता मिलनी चाहिए?

राघव चड्ढा का राजनीतिक सफर अन्ना हजारे आंदोलन से शुरू होकर आप के प्रमुख युवा चेहरों में शामिल होने तक का रहा है। प्रवक्ता से राज्यसभा सांसद तक का सफर उनकी संचार क्षमता और मुद्दों को प्रभावी ढंग से रखने की काबिलियत को बताता है। लेकिन राजनीति में संगठनात्मक अनुशासन और व्यक्तिगत पहचान के बीच संतुलन बनाना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। आप जैसे दलों में, जो मूल रूप से आंदोलन से निकले हैं, यह टकराव और भी जटिल है। एक तरफ पार्टी सामूहिक अनुशासन और केंद्र सरकार पर एकजुट हमले की अपेक्षा रखती है, वहीं दूसरी तरफ चड्ढा जैसे नेता उपभोक्तावादी और मध्यवर्गीय मुद्दों को उठाकर अपनी अलग पहचान बना रहे थे। चड्ढा ने अपने जवाब में कहा कि तीन आरोपों में से कोई भी सच्चा नहीं है और यह एक 'कॉर्डिनेट कैंपेनिंग' का हिस्सा है। पार्टी की ओर से भी स्पष्ट जवाब आ रहे हैं कि यह अनुशासन का मामला है। हालांकि, एक दशक में प्रवक्ता से लेकर राज्यसभा सांसद तक का सफर उनकी राजनीतिक क्षमता का प्रमाण है। लेकिन राजनीति में उतार-चढ़ाव भी उतने ही स्वाभाविक हैं।

वर्तमान में स्थिति यह है कि पार्टी और राघव चड्ढा के बीच बढ़ती दूरी सार्वजनिक हो चुकी है। यह केवल एक व्यक्ति या एक पार्टी की कहानी नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति के उस बदलते स्वरूप का संकेत है, जहां व्यक्तिगत उभरती छवि और संगठनात्मक अनुशासन के बीच संतुलन बनाना सबसे बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। अंत में, यह घटनाक्रम केवल राघव चड्ढा या आप की आंतरिक कहानी नहीं है। यह भारतीय लोकतंत्र में संसदीय भूमिका, पार्टी अनुशासन और सांसद की स्वतंत्र आवाज के बीच के स्थायी तनाव को दर्शाता है। क्या जनसरोकारों को उठाने की कीमत राजनीतिक असहमति होनी चाहिए? या यह बहस लोकतंत्र को और मजबूत बनाती है? आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि राघव चड्ढा अपनी राजनीतिक राह कैसे आगे बढ़ाते हैं, क्या वे पार्टी के अंदर ही रहकर अपनी आवाज को समायोजित करेंगे, या यह टकराव और आगे बढ़ेगा। ■ राममनोहर रायकवार




- **मेष राशि**:- समय आज बेहद शानदार बना हुआ है मन प्रसन्न रहेगा कामकाज की स्थिति बढ़िया रहेगी प्रेम संबंध सुधरेंगे।
- **वृषभ राशि**:- परिस्थितियों के आपके पक्ष में आने की पूरी संभावना है मानसिक प्रसन्नता रहेगी धन की आवक होगी।
- **मिथुन राशि**:- समय आज कमजोर सा है मन अशांत रहेगा बहस करने से बचें कामकाज में सावधानी बरतें।
- **कर्क राशि**:- सितारों की अनुकूलता लगातार आपको लाभ देती जा रही है कार्यक्षेत्र मजबूत रहेगा प्रेम संबंध मन के अनुकूल रहेंगे।
- **सिंह राशि**:- सितारे आज बेहद शानदार स्थिति में है आपके द्वारा सोचे गए कार्य आसानी से संपन्न होंगे।
- **कन्या राशि**:- समय धीरे-धीरे मजबूत हो रहा है कामकाज की स्थिति बढ़िया रहेगी संतान से जुड़ा हुआ कोई कार्य संपन्न होगा।
- **तुला राशि**:- चंद्रमा अभी भी आपको तंग कर रहा है कार्यक्षेत्र से जुड़े आवश्यक निर्णय लेने से बचें बहस बिल्कुल न करें।
- **वृश्चिक राशि**:- पराक्रम भाव में बनी शुभ ग्रह स्थिति आपको लगातार लाभ देगी सहयोग में वृद्धि होगी संबंध शानदार रहेंगे।
- **धनु राशि**:- समय अभी ठीक नहीं है घर परिवार को लेकर परेशानी बनी रहेगी धन की चिंता रहेगी।
- **मकर राशि**:- सितारों की अनुकूलता के चलते आपके कार्यों में मजबूती बनी रहेगी लोग आपकी प्रशंसा करेंगे प्रेम संबंध शानदार रहेंगे।
- **कुंभ राशि**:- समय आज ठीक नहीं है मन तनाव से भरा रहेगा बेकार के कार्यों में धन खर्च हो सकता है सहयोग में कमी रहेगी।
- **मीन राशि**:- समय आने वाले दिनों में भी आपकी मदद करेगा इसका भरपूर लाभ उठाकर अपने आवश्यक कार्य तेजी से करें।



बार-बार घटित होती भगदड़ की त्रासदियां केवल दुर्घटनाएं नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक विफलताओं का आईना हैं। धार्मिक आस्था, उत्साह व भीड़ का अनियंत्रित प्रवाह जब व्यवस्था से टकराता है, तो परिणाम अक्सर भयावह होते हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम इन घटनाओं को संयोग नहीं, बल्कि सीख में बदलें और भीड़ प्रबंधन को गंभीरता से समझें।

# भीड़ और भगदड़ में दबकर दम तोड़ती जिंदगियां

लंबे समय से देश के अलग-अलग हिस्सों से धार्मिक स्थलों पर भगदड़ की घटनाएं सामने आती रही हैं, जिनमें हजारों लोग पैरों तले कुचलकर अपनी जान गंवा बैठे। इसी कड़ी में एक घटना और जुड़ गई। बिहार के नालंदा में बीते सप्ताह शीतला अष्टमी के दिन मची भगदड़ में नौ लोगों की मौत हो गई। ऐसे में सवाल यह उठता है कि हर बार की घटनाओं से हमने क्या सीखा है? बताया जाता है कि नालंदा के शीतला माता मंदिर में जहां सामान्य दिनों में सैकड़ों लोग ही आते हैं, वहां अचानक हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो गई। इस हाल में पुलिस की अनभिज्ञता, प्रशासनिक ढिलाई और अव्यवस्थित प्रवेश-निकास मार्ग, इन सबने मिलकर एक ऐसी स्थिति बना दी, जिसमें दुर्घटना लगभग तय थी।

**एक** छोटी-सी चूक, किसी एक व्यक्ति का गिरना और फिर भय की लहर, बस इतना ही काफी होता है एक भगदड़ को जन्म देने के लिए। यह विडंबना ही है कि देश में भगदड़ अब अपवाद नहीं, बल्कि एक परिचित परिघटना बनती जा रही है। चाहे वह धार्मिक स्थल हो, राजनीतिक रैली हो या खेल का जश्न, भीड़ का उफान अक्सर नियंत्रण की सीमाओं को तोड़ देता है। दरअसल, भीड़ प्रबंधन सिर्फ बैरिकेड्स और पुलिस बल का मामला नहीं है, यह एक गहन वैज्ञानिक और सामाजिक अध्ययन का विषय है। कुछ देशों में भीड़ विज्ञान एक स्थापित अनुशासन है, जहां भीड़ के व्यवहार को गणितीय और मनोवैज्ञानिक दोनों स्तरों पर समझा जाता है। उदाहरण के लिए, यदि एक वर्ग मीटर में पांच से अधिक लोग हो जाएं, तो भीड़ अपनी स्वाभाविक गति खो देती है और खतरा बढ़ जाता है। यह सिर्फ आंकड़ा नहीं, बल्कि चेतावनी है एक सीमा की, जिसे पार करते ही व्यवस्था बिखरने लगती है। लेकिन भारत में हम अब भी अनुभव और परंपरागत तरीकों पर अधिक निर्भर हैं। पुलिस का प्रशिक्षण अक्सर परिस्थितिजन्य होता है, न कि वैज्ञानिक। लाउडस्पीकर से निर्देश देना, रास्ते बनाना या भीड़ को शांत करना, ये उपाय जरूरी तो हैं, लेकिन पर्याप्त नहीं। जरूरत है एक समग्र दृष्टिकोण की, जिसमें तकनीक, डेटा और मानवीय व्यवहार की समझ एक साथ काम करें।

**भीड़** का एक और पहलू है, उसकी भावनात्मक ऊर्जा। धार्मिक आयोजनों में यह ऊर्जा आस्था से संचालित होती है, जो लोगों को एक दिशा में खींचती है। लेकिन जब यह ऊर्जा अनियंत्रित हो जाती है, तो वही आस्था अराजकता में बदल जाती है। डिजिटल युग में यह प्रवृत्ति और तेज हो गई है, जहां एक सूचना हजारों लोगों को एक ही स्थान पर खींच सकती है। इसका समाधान स्पष्ट है, लेकिन उसे अपनाने की इच्छाशक्ति दुर्लभ है।

**दरअसल,** भीड़ प्रबंधन को एक औपचारिक अकादमिक विषय के रूप में विकसित करना होगा। आयोजनों की पूर्व योजना, रियल-टाइम मॉनिटरिंग और प्रशिक्षित मानव संसाधन, ये अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता हैं। साथ ही, आम नागरिकों को भी जागरूक करना होगा कि भीड़ का हिस्सा बनते समय उनकी जिम्मेदारी क्या है। कुल मिलाकर हर भगदड़ के बाद जांच बैठती है, कुछ रिपोर्टें तैयार होती हैं और फिर सब कुछ सामान्य हो जाता है, अगली दुर्घटना तक। सवाल यह है कि क्या हम इस चक्र को तोड़ने के लिए तैयार हैं? क्योंकि जब तक भीड़ को सिर्फ संख्या समझा जाएगा, तब तक उसके शोर में इंसानियत की आवाज दबती रहेगी। ■ जसवंत सिंह राजपूत


विशेष...



## विश्व स्वास्थ्य दिवस

# छोटे-छोटे कदमों से जीवन में लाएं बड़े बदलाव

> हर वर्ष 7 अप्रैल को पूरी दुनिया एक साझा संकल्प के साथ एकजुट होती है, बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में कदम बढ़ाने का संकल्प लेकर। असल में विश्व स्वास्थ्य दिवस केवल एक औपचारिक अवसर नहीं, बल्कि यह हमें अपने जीवन की सबसे महत्वपूर्ण पूंजी स्वास्थ्य की ओर गंभीरता से देखने के लिए प्रेरित करता है। वर्ष 2026 में इसका केंद्र बिंदु है 'सभी के लिए सुलभ, निवारक और समग्र स्वास्थ्य देखभाल', जो आज की बदलती जीवनशैली में पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गया है।



तेजी से भागती दुनिया, डिजिटल जीवनशैली और प्रतिस्पर्धा के इस दौर में स्वास्थ्य का अर्थ अब केवल बीमारियों से बचना नहीं रह गया है। यह शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक संतुलन का समुच्चय (समूह) बन चुका है। यही कारण है कि विश्व स्वास्थ्य दिवस अब सिर्फ जागरूकता का माध्यम नहीं, बल्कि एक सशक्त कार्रवाई का आह्वान बन गया है।

### बदलती जीवनशैली और बढ़ती चुनौतियां

आज का आधुनिक जीवन सुविधाओं से भरपूर जरूर है, लेकिन इसके साथ कई अदृश्य खतरे भी जुड़े हैं। अनियमित दिनचर्या, जंक फूड की बढ़ती आदत, शारीरिक गतिविधियों में कमी और बढ़ता मानसिक तनाव, ये सभी मिलकर कई गंभीर बीमारियों को जन्म दे रहे हैं। हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और मोटापा जैसी जीवनशैली जनित बीमारियां अब केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि युवाओं में भी तेजी से फैल रही हैं। ये बीमारियां अक्सर धीरे-धीरे विकसित होती हैं और तब तक पहचान में नहीं आतीं, जब तक वे गंभीर रूप न ले लें। इसीलिए, आज जरूरत है समय रहते जागरूक होने की और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की।

### स्वास्थ्य सेवा संस्थानों की भूमिका

स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता किसी भी समाज के विकास का महत्वपूर्ण आधार होती है। अस्पताल, डॉक्टर और स्वास्थ्य कार्यकर्ता न केवल इलाज प्रदान करते हैं, बल्कि लोगों को जागरूक करने और सही दिशा दिखाने का भी काम करते हैं। सही समय पर सही चिकित्सा परामर्श मिलना व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य पर नियंत्रण रखने में सक्षम बनाता है। इसलिए, स्वास्थ्य सेवा संस्थानों की जिम्मेदारी केवल उपचार तक सीमित नहीं, बल्कि समाज को स्वस्थ बनाने की भी है।



### सबके लिए समान अधिकार

विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 का विषय 'सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लिए वैश्विक कार्रवाई' इस बात पर जोर देता है कि हर व्यक्ति को बिना आर्थिक बोझ के आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए। इसमें रोकथाम, उपचार, पुनर्वास और देखभाल सभी शामिल हैं। एक सशक्त और न्यायसंगत स्वास्थ्य प्रणाली वही है, जहां हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी वर्ग या क्षेत्र से हो, समान रूप से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सके। यह केवल सरकारों या संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर नागरिक का दायित्व है कि वह इस दिशा में जागरूकता फैलाए और सहयोग करे।

**स्वास्थ्य ही सच्ची समृद्धि :** स्वास्थ्य केवल एक व्यक्तिगत आवश्यकता नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्र विकास का आधार है। एक स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण करता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें यह याद दिलाता है कि अपने स्वास्थ्य की जिम्मेदारी हमें स्वयं उठानी होगी। रोकथाम, संतुलन और जागरूकता, ये तीन मंत्र हमें एक बेहतर और सुरक्षित भविष्य की ओर ले जा सकते हैं। अब समय आ गया है कि हम स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें, छोटे-छोटे कदम उठाएं और एक ऐसी दुनिया का निर्माण करें, जहां हर व्यक्ति स्वस्थ, सुरक्षित और खुशहाल जीवन जी सके।



### इलाज से पहले सुरक्षा

आधुनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब ध्यान केवल इलाज पर नहीं, बल्कि रोकथाम पर केंद्रित किया जा रहा है। निवारक स्वास्थ्य देखभाल का अर्थ है बीमारी होने से पहले ही उसे रोकने के उपाय करना। इसके अंतर्गत कुछ सरल लेकिन प्रभावी कदम शामिल हैं-

- नियमित स्वास्थ्य जांच कराना
- संतुलित और पौष्टिक आहार लेना
- रोजाना शारीरिक गतिविधि करना
- तनाव को नियंत्रित रखना
- पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण नींद लेना

ये छोटे-छोटे कदम न केवल जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं, बल्कि भविष्य में होने वाले भारी चिकित्सा खर्चों को भी कम करते हैं। वास्तव में, रोकथाम ही सबसे सस्ता और प्रभावी उपचार है।

### हृदय स्वास्थ्यः अनदेखी की भारी कीमत

जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों में हृदय रोग सबसे गंभीर और घातक माने जाते हैं। विश्व स्तर पर मृत्यु के प्रमुख कारणों में इनका स्थान शीर्ष पर है। जीवन, असंतुलित आहार, व्यायाम की कमी और धूम्रपान जैसी आदतें हृदय को धीरे-धीरे कमजोर करती हैं। इसके कुछ चेतावनी संकेत हैं-

- **सीने में दर्द या दबाव**
- **सांस लेने में कठिनाई**
- **अत्यधिक थकान**
- **अनियमित धड़कन**
- **घबराहट होना**
- **अधिक पसीना आना**
- **अनियंत्रित रक्तसंचार**

इन संकेतों को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। समय पर जांच और सही उपचार से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। इसलिए, हृदय स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

### मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अनिवार्य

जहां शारीरिक स्वास्थ्य पर अक्सर जोर दिया जाता है, वहीं मानसिक स्वास्थ्य को अब भी पर्याप्त महत्व नहीं मिल पाता। लेकिन सच्चाई यह है कि स्वस्थ मन के बिना स्वस्थ शरीर की कल्पना अधूरी है। डिजिटल युग में निरंतर स्क्रीन टाइम, काम का दबाव और सामाजिक अपेक्षाएं मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद को जन्म दे रही हैं। ऐसे में मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए कुछ सरल उपाय बेहद कारगर हो सकते हैं-

- ध्यान और योग का अभ्यास
- नियमित रूप से डिजिटल ब्रेक लेना
- काम और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाए रखना
- अपने विचारों और भावनाओं को साझा करना

जब हम अपने मन को स्वस्थ रखते हैं, तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे शरीर पर दिखाई देता है।

**छोटे बदलाव, बड़ा असर :** स्वास्थ्य को सुधारने के लिए जीवन में बड़े और कठिन बदलाव करने की आवश्यकता नहीं होती। छोटे-छोटे, नियमित प्रयास ही लंबे समय में बड़े परिणाम देते हैं। जैसे-

- रोजाना कम से कम 30 मिनट पैदल चलना
- पर्याप्त मात्रा में पानी पीना
- तले-भुने और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से दूरी
- 7-8 घंटे की नींद लेना
- नियमित स्वास्थ्य जांच कराना

**इन आदतों को अपनाकर हम न केवल बीमारियों से बच सकते हैं, बल्कि एक ऊर्जावान और खुशहाल जीवन भी जी सकते हैं।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक ''**गिलेडविन मसीह**'' के लिए ''**बुलंद मंज़िल**'' हिन्दी दैनिक ए.एच. प्रिन्टर्स, सीधी सराय, असालतपुरा मुरादाबाद मे मुद्रित कराकर कार्यालय बुलंद मंज़िल शंकर कॉलेज चौराहा, राजा मार्केट, प्रथम तल, जनपद संभल से वितरित किया गया। इस अंक में प्रकाशित समाचारों में खबरों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी०आर०वी० एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद सम्भल न्यायालय के अधीन होंगे।
PRGI NO. - UPBIL/25/A4797- Contect No.- 8630704122

# गांव होंगे आत्मनिर्भर, कूड़ा प्रबंधन से बढ़ेगी कमाई : डीएम का सख्त संदेश




**दैनिक बुलंद मंज़िल/ असलम सैफी जिला प्रभारी**

**अमरोहा।** लेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति एवं जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने ओएसआर (ओन सोर्स रेवेन्यू) के तहत ग्राम पंचायतों द्वारा अर्जित आय और उसके स्रोतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी पंचायतें अपने आय के नए स्रोतों का चिन्हीकरण करें। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाना समय की आवश्यकता है, ताकि वे अपनी आय से ही विकास कार्यों को गति दे सकें। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को ठोस कार्ययोजना तैयार कर अधिक से अधिक राजस्व अर्जित करने के निर्देश दिए गए। स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण को नियमित और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर घर से नियमित कूड़ा उठान सुनिश्चित किया जाए और ग्रामीणों को इस अभियान से जोड़ते हुए स्वच्छता शुल्क भी प्राप्त किया जाए। साथ ही, सभी आरआरसी सेंटर पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाए रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में कार्यों में लापरवाही बरतने वाले पंचायत सचिव रजत यादव, विकास कुमार और अविनाश कुमार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए गए। इसके अलावा सबसे कम ओएसआर अर्जित करने वाले 10 पंचायत सचिवों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। आगामी वित्तीय वर्ष में संभावित आय के आंकड़े तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जिलाधिकारी ने पंचायतों में स्थापित लाइब्रेरी के बेहतर संचालन और उससे आय अर्जित करने के उपाय अपनाने को कहा। साथ ही सभी पंचायत सचिवों को मुख्यमंत्री युवा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अप्रैल माह में कम से कम पांच-पांच पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों में जलभराव की समस्या पर भी चर्चा हुई, जिसमें संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। ह्यमेरा तालाब, मेरी जिम्मेदारीह्न अभियान के अंतर्गत 100 तालाबों को मॉडल तालाब के रूप में विकसित करने के लिए चिन्हित कर एक सप्ताह के भीतर प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसौदिया सहित सभी खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत और पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

# पुलिस की 'ऑपरेशन किरण' से जगी नई उम्मीद, टूटने से बचे दो परिवार






**दैनिक बुलंद मंजिल**

**हसनपुर।** पुलिस की मानवीय पहल 'ऑपरेशन किरण' लगातार बिखरते हुए परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसी क्रम में टूटने से बचा दो परिवार, पुलिस अधीक्षक लखन सिहं यादव के कुशल निर्देशन में थाना हसनपुर पुलिस एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पति-पत्नी के बीच चल रहे लंबे विवाद को सुलझाकर उन्हें पुनः एक साथ रहने के लिए राजी किया। ?प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोतवाली हसनपुर में दो पारिवारिक विवाद का प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया और क्षेत्राधिकारी हसनपुर के निकट पर्यवेक्षण में काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू की गई। पुलिस टीम ने दोनों पक्षों की शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना और उन्हें साथ रहने के महत्व के बारे में समझाया। काउंसलिंग के दौरान पुलिस अधिकारियों और टीम के सदस्यों ने दोनों पक्षों के मध्य व्याप्त गलतफहमियों को दूर किया। अंततः, जोड़े ने अपनी पुरानी कड़वाहट को भुलाकर भविष्य में प्रेमपूर्वक साथ रहने का संकल्प लिया। पुलिस की मौजूदगी में ही दोनों पक्षों के बीच सुलह-समझौता हुआ और उन्हें उपहार स्वरूप मिष्ठान खिलाकर नवजीवन के लिए विदा किया गया। ?पुलिस की इस पहल की स्थानीय स्तर पर काफी सराहना हो रही है। 'ऑपरेशन किरण' का मुख्य उद्देश्य केवल कानूनी कार्रवाई करना नहीं, बल्कि बातचीत के माध्यम से वैवाहिक जीवन में आए बिखराव को रोकना है। इस सफल काउंसलिंग से न केवल एक जोड़ा साथ हुआ, बल्कि उनके बच्चों और परिजनों का भविष्य भी सुरक्षित हुआ है।

# अंबेडकर जयंती की तैयारियों को लेकर बसपा की विचार गोष्ठी आयोजित





**दैनिक बुलंद मंजिल**

**हसनपुर।** बहुजन समाज पार्टी द्वारा मंगलवार को नगर के बाईपास मार्ग स्थित एक वेंकट हॉल में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती की तैयारियों को लेकर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती को ऐतिहासिक रूप से मनाने का संकल्प लिया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए बसपा जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह एडवोकेट ने वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संविधान को कमजोर करने के प्रयास हो रहे हैं, जिससे दलितों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों पर खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने कार्यकताओं से समाज को जागरूक करने और बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि बसपा ही दलितों, पिछड़ों, वंचितों और अल्पसंख्यकों की सच्ची हितैषी पार्टी है। सोमपाल सिंह ने जानकारी दी कि इस वर्ष 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती का मुख्य कार्यक्रम लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। इसके उपरांत कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में लौटकर स्थानीय स्तर पर जयंती को उत्साहपूर्वक मनाएंगे। बसपा नेता मुमताज अली उर्फ हाजी भुट्टो ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश की जनता आज भी ह्यबहन जीह्न मायावती के शासनकाल को याद करती है, क्योंकि उस दौरान बिना भेदभाव के सर्वसमाज का विकास हुआ था। उन्होंने बाबा साहब के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके द्वारा प्रदत्त संविधान ने सभी को समान अधिकार दिलाए हैं। कार्यक्रम के दौरान अंबेडकर जयंती के आयोजन में सक्रिय विभिन्न कमेटियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार गौतम, आमान चौधरी, मोमिन प्रधान, कैलाश सिंह, अफसर खान और सुनील सागर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रभान सिंह ने किया।

# घर में घुसकर युवक पर जानलेवा हमला, कई लोगों पर मुकदमा दर्ज



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**रजबपुर ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के गांव अतरासी कलां में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर घर में घुसकर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव अतरासी कलां निवासी नौशाद अली पुत्र इशतयाक अली ने थाना रजबपुर में दी तहरीर में बताया कि सोमवार को करीब सुबह 11 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान गांव के ही कय्यूम पुत्र मुश्ताक, गामा, गुलजार उर्फ भूरे, अंसार उर्फ पप्पू व शहजाद पुत्रगण शाहिद, जुम्मा, फैय्याज व शाहिद पुत्रगण सद्दीक, सालिम, आरिफ व आलिम पुत्रगण साबिर तथा सिकंदर व सैफ पुत्रगण यासीन समेत कई लोग वहां आ पहुंचे। आरोप है कि सभी ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और सरियों से नौशाद पर हमला बोल दिया। हमले में उसके सिर पर गंभीर चोट आई। जान बचाने के लिए वह शोर मचाते हुए अपने घर में घुस गया, लेकिन आरोपी पीछा करते हुए घर के अंदर भी घुस आए और वहां भी मारपीट जारी रखी।

पीड़ित के अनुसार, हमलावरों ने घर के भीतर भी लाठी-डंडों, सरियों और ईंट-पत्थरों से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। शोर-शराबा सुनकर जब उसके परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें भी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को पूरी जानकारी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना रजबपुर पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# उधार के पैसे मांगने पर युवक से मारपीट, सिर फोड़कर दी जान से मारने की धमकी



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**अमरोहा ब्यूरो।** नगर थाना क्षेत्र में उधार के पैसे मांगना एक युवक को भारी पड़ गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला कटरा गुलाम अली निवासी निमित चंहल पुत्र गोविंद सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह सोमवार को शाम करीब 5 बजे अपने खेत की ओर जा रहा था। रास्ते में उसे पियाषू चौधरी मिला, जिस पर उसके करीब 3000 रुपये उधार थे। जब निमित ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान पियाषू चौधरी ने उसके सिर पर किसी वस्तु से वार कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जाते-जाते उसने जान से मारने की धमकी भी दी। घायल अवस्था में पीड़ित ने किसी तरह पुलिस तक पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपी की तलाश जारी है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मोबाइल एप से होगी जनगणना, अमरोहा बना बदलाव की मिसाल




**दैनिक बुलंद मंज़िल/ असलम सैफी जिला प्रभारी**

**अमरोहा।** जनगणना-2027 को सफल, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियों को तेज कर दिया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनगणना कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिले को पूरी तरह कवर करने के उद्देश्य से 3682 गणना ब्लॉकों में विभाजित किया गया है, जहां 3520 प्रगणक घर-घर जाकर आंकड़े एकत्र करेंगे। इनकी निगरानी के लिए 590 पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। जनगणना कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए 16 अप्रैल से 6 मई तक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा, जिसमें कुल 96 बैच बनाए गए हैं। प्रत्येक बैच में अधिकतम 50 कर्मचारियों को तीन दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण का कार्य 64 फील्ड ट्रेनरों द्वारा संपन्न कराया जाएगा। जनगणना दो चरणों में आयोजित होगी। पहले चरण में मकानों का सूचीकरण 22 मई से 20 जून के बीच किया जाएगा, जबकि इससे पहले 7 मई से 21 मई तक स्वगणना की प्रक्रिया चलेगी। दूसरा चरण फरवरी 2027 से शुरू होगा। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जिससे इसे देश की पहली पेपरलेस जनगणना का दर्जा मिलेगा। जनगणना कार्य के लिए मोबाइल एप का उपयोग किया जाएगा, जिसके माध्यम से आंकड़े सीधे केंद्रीय सर्वर पर भेजे जाएंगे। इसके साथ ही उटटर पोर्टल के जरिए कर्मचारियों की निगरानी और प्रबंधन किया जाएगा। नागरिकों को भी स्वगणना का विकल्प दिया जाएगा, जिसमें वे हिंदी, अंग्रेजी समेत 16 भाषाओं में अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। मकान सूचीकरण के दौरान कुल 33 बिंदुओं पर जानकारी जुटाई जाएगी। इसमें मकान की संरचना, उपयोग, स्वामित्व, परिवार के सदस्यों की संख्या, पेयजल, शौचालय, बिजली, स्नानगृह जैसी बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ परिवार के पास उपलब्ध संसाधनों–जैसे मोबाइल, कंप्यूटर, वाहन आदि–की भी जानकारी ली जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी पर्यवेक्षकों और प्रगणकों को निर्देशित किया कि वे समय से प्रशिक्षण प्राप्त करें और अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता से करें। उन्होंने अधिकारियों को प्रशिक्षण स्थलों का शीघ्र चयन करने और रिजर्व कार्मिकों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, जिला जनगणना अधिकारी गरिमा सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# उप-स्वास्थ्य केंद्र में तोड़फोड़, दवाइयां बिखेरीं; जांच में जुटी पुलिस



**दैनिक बुलंद मंजिल**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगरोला स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बीती रात अज्ञात उपद्रवियों द्वारा तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। घटना से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया, वहीं ग्रामीणों में भी रोष व्याप्त है। मंगलवार सुबह जब केंद्र की सीएचओ महिमा यादव ड्यूटी पर पहुंचीं, तो उन्होंने केंद्र के खिड़की-दरवाजे टूटे हुए पाए। अंदर कमरे में रखी दवाइयां और अन्य सामान बिखरा पड़ा था। यह देख उन्होंने तुरंत डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक साक्ष्य जुटाए। सीएचओ महिमा यादव ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। लगभग एक माह पूर्व भी अज्ञात चोरों ने खिड़की तोड़कर केंद्र से एक प्रिंटर चोरी कर लिया था। लगातार हो रही घटनाओं से स्वास्थ्य केंद्र की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। घटना के बाद ग्रामीणों ने भी चिंता जताते हुए क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि सरकारी संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उनका कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो ऐसी घटनाएं दोबारा हो सकती हैं। कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जागरण से लौट रहे युवक के साथ मारपीट, जातिसूचक शब्दों का आरोप, रिपोर्ट दर्ज



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**नौगांवा सादात ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला गौतम नगर निवासी अंकुश कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह ने थाना प्रभारी को दी तहरीर में बताया कि वह दिनांक 5 अप्रैल की रात करीब 12:20 बजे जागरण देखकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसे गांव बीलना निवासी अभिषेक पुत्र राजेश और राहुल पुत्र इन्दर मिल गए। आरोप है कि दोनों ने उसे रोककर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। इतना ही नहीं, जाते-जाते उसे जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। थाना नौगांवा सादात पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

# महिला सशक्तिकरण को मिला सम्मान, 36 प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

दैनिक बुलंद मंज़िल/
असलम सैफी जिला प्रभारी

**अमरोहा।** मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को एक भव्य महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम धनौरा स्थित ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में अमरोहा पुलिस की ओर से आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, छात्राओं और गणमान्य लोगों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया, अपर जिलाधिकारी गरिमा सिंह एवं क्षेत्राधिकारी धनौरा अंजली कटारिया द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 36 महिला शिक्षकों, छात्राओं और महिला जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा जनपद के विभिन्न थानों





में कार्यरत मिशन शक्ति केंद्र की प्रभारियों को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्होंने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश प्रभावी ढंग से दिया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी धनौरा ने महिलाओं एवं छात्राओं को सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने महिला हेल्पलाइन नंबरों, मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य तथा थानों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल सम्मान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और समाज में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को आगे बढ़ने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान की सराहना करते हुए कहा गया कि अमरोहा पुलिस लगातार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में आगे भी जनजागरूकता और सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# मानदेय वृद्धि पर कैबिनेट की मुहर, शिक्षामित्रों में खुशी की लहर

दैनिक बुलंद मंजिल

**हसनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के लिए बड़ा फैसला लेते हुए उनके मानदेय में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव पर आधिकारिक मुहर लगने के बाद प्रदेशभर में खुशी का माहौल है। शासनादेश जारी होने के साथ ही अब शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाकर 18,000 रुपये और अनुदेशकों का 17,000 रुपये कर दिया गया है। सरकार के इस निर्णय को लंबे समय से लंबित मांगों की पूर्ति के रूप में देखा जा रहा है। जैसे ही यह खबर सामने आई, गंगेश्वरी क्षेत्र में शिक्षामित्रों और अनुदेशकों ने खुशी का इजहार शुरू कर दिया। संविलियन विद्यालय गंगाचोली में शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक एकत्रित हुए, जहां सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और गले मिलकर इस फैसले का स्वागत किया।




शिक्षाकर्मियों का कहना है कि मानदेय वृद्धि से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और कार्य के प्रति उत्साह भी बढ़ेगा। उन्होंने इसे अपने लंबे संघर्ष का परिणाम बताया। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय शिक्षामित्रों के सम्मान और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में पूर्व एआरपी विकास राहुल, डॉ. रमेश सिंह, शिशिर सिंह, पंकज कुमार, हुस्ने आलम, जसवंत सिंह, विक्रम सिंह, राहुल शर्मा, राशिद अली, संतराम सिंह, गरिमा राणा, अंशुल सिंघल और सीमा सहित कई शिक्षक व शिक्षामित्र मौजूद रहे।

# शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका में 7 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दैनिक बुलंद मंजिल /
रवि कुमार

**हसनपुर।** अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली हसनपुर पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कार्रवाई करते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ संज्ञेय अपराध की आशंका के आधार पर कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी हसनपुर पंकज त्यागी के निकट




पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में कोतवाली हसनपुर पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में नईम अली पुत्र शमीम निवासी मोहल्ला होली वाला, अशोक पुत्र ओउमी निवासी ग्राम सिरसा गुर्जर, राजेश पुत्र ईश्वरी निवासी ग्राम मंगरोली, सोनू पुत्र बांकेलाल निवासी मोहल्ला मनापुर, सूरज पुत्र बांकेलाल निवासी मोहल्ला मनापुर, समीर पुत्र हनीफ निवासी मोहल्ला होलीवाला (सभी थाना हसनपुर, जनपद अमरोहा) तथा तनवीर पुत्र मतलूब निवासी मोहल्ला कोट थाना कोतवाली, जनपद संभल शामिल हैं। पुलिस ने सभी अभियुक्तों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद सभी को उपजिलाधिकारी न्यायालय हसनपुर के समक्ष पेश किया गया, जहां से आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सतर्क है और किसी भी प्रकार की अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनता से भी कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

# अमरोहा में किसानों का विशाल धरना, समस्याओं के समाधान को सौंपा ज्ञापन

दैनिक बुलंद मंजिल

**अमरोहा।** जनपद में किसानों, अभिभावकों एवं आमजन से जुड़ी विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (शंकर) के नेतृत्व में मंगलवार को एक विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरने की अध्यक्षता विक्रम पवार ने की, जबकि संचालन सत्यवीर सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने स्मार्ट मीटर से हो रही कथित मनमानी बिलिंग, निजी विद्यालयों द्वारा अभिभावकों के आर्थिक शोषण, चकबंदी विभाग में भ्रष्टाचार, राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर बढ़ती दुर्घटनाओं, बैंकिंग व किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से जुड़ी समस्याओं तथा विद्युत अव्यवस्था जैसे गंभीर मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। किसानों ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर के कारण उपभोक्ताओं पर 3-4 गुना तक अधिक बिल का बोझ डाला जा रहा है और शिकायतों का समाधान भी नहीं हो रहा है। निजी स्कूलों पर ड्रेस,






किताबें और स्टेशनरी निर्धारित दुकानों से महंगे दामों पर खरीदने का दबाव बनाने का आरोप भी लगाया गया। वहीं चकबंदी में अनियमितताओं को लेकर किसानों ने ढक्का गांव की चकबंदी निरस्त कर निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। इसके अलावा एनएच-9 पर अवैध कट और छुट्टा पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की गई। दोपहर करीब एक बजे जिला कृषि अधिकारी, पीडब्ल्यूडी, परिवहन, ग्रामीण बैंक, विद्युत विभाग समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौके पर पहुंचे और समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने डिप्टी कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। हालांकि चकबंदी अधिकारी के मौके पर उपस्थित न होने से नाराज किसानों ने अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया। किसानों ने चेतावनी दी कि जब तक संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर समस्याओं का समाधान नहीं करते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना स्थल पर राजपाल सिंह चौधरी, धर्मवीर सिंह, रवि गुर्जर, महिपाल प्रधान सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

# सील तोड़कर फिर खुला नर्सिंग होम, प्रशासन को खुली चुनौती

दैनिक बुलंद मंज़िल

**रहरा ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों पर कार्रवाई के बावजूद झोलाछाप डॉक्टरों के हौसले कम होते नहीं दिख रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनियमितताओं के चलते सील किए गए भारत नर्सिंग होम की सील महज तीन दिन बाद ही तोड़ दी गई, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी के दौरान नर्सिंग होम में कई खामियां पाई थीं। यहां बिना मान्यता इलाज, अपंजीकृत स्टाफ की तैनाती और दवाओं के अनियमित उपयोग की पुष्टि हुई थी। इसके बाद नर्सिंग होम को




सील कर दिया गया था, लेकिन मंगलवार को सील तोड़कर दोबारा संचालन शुरू कर दिया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ. शशांक चौधरी ने बताया कि मामले की सूचना मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दे दी गई है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इसे गंभीर उल्लंघन बताया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय हैं और शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होती। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस दुस्साहस पर क्या ठोस कदम उठाता है।

# फोन कॉल के बहाने बुलाकर युवक पर जानलेवा हमला, जबड़ा टूटा ; CCTV में कैद वारदात, धमकियों से सहमा परिवार ,सिविल लाइंस में दबंगों का कहर

दैनिक बुलंद मंज़िल

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में फोन कॉल के बहाने एक युवक को बुलाकर उस पर किए गए जानलेवा हमले से इलाके में सनसनी फैल गई है। हमले में युवक का जबड़ा टूट गया, जबकि शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। वारदात उउळश कैमरे में कैद बताई जा रही है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार दहशत में है और आरोपियों की ओर से लगातार मिल रही धमकियों ने माहौल को और तनावपूर्ण बना दिया है। जानकारी के अनुसार, 2 अप्रैल 2026 की रात करीब 10 बजे अनमोल नामक युवक के मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जैसे ही अनमोल बताए गए स्थान पर





पहुंचा, वहां पहले से मौजूद सौरभ, विशाल और 2-3 अन्य युवक घात लगाए बैठे थे। आरोप है कि आते ही उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडों व घूंसे-लातों से बेरहमी से हमला कर दिया। हमले की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अनमोल का जबड़ा पूरी तरह टूट गया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। चिकित्सकों के अनुसार, चोटें गहरी हैं और इलाज लंबा चल सकता है। पीड़ित की बहन राधिका ने आरोप लगाया कि घटना के बाद से ही हमलावर पक्ष लगातार समझौते का दबाव बना रहा है। उन्होंने बताया कि आरोपियों द्वारा बार-बार फोन कर धमकियां दी जा रही हैं कि यदि मामला वापस नहीं लिया गया तो पूरे परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इतना ही नहीं, कुछ संदिग्ध लोग उनके घर के आसपास भी मंडराते देखे जा रहे हैं, जिससे परिवार भयभीत है। परिजनों का कहना है कि घटना स्थल पर लगे उउळश कैमरों में पूरी वारदात रिकॉर्ड हुई है, जिसमें आरोपियों की पहचान स्पष्ट हो सकती है। इसके बावजूद अब तक किसी की गिरफ्तारी न होना पुलिस कार्रवाई पर सवाल खड़े कर रहा है। मामले में पीड़ित की माता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक ऋषभ शर्मा को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी होगी। वहीं एसपी सिटी रणविजय सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आपसी जान-पहचान और शराब के नशे में हुए विवाद का प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। घटना के बाद सिविल लाइंस क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि क्षेत्र में सुरक्षा का भरोसा कायम रह सके।

# मंडी धनौरा पुलिस ने 7 आरोपियों को किया गिरफ्तार, न्यायालय में पेश

दैनिक बुलंद मंज़िल

**मंडी धनौरा ब्यूरो।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मंडी धनौरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में चल रहे वांछित एवं इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना मंडी धनौरा पुलिस टीम ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी धनौरा अंजली कटारिया के




निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने सभी आरोपियों को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में यामीन, मुकीम, मौ. जुनैद , मौ. आरिफ , मौमीन अहमद निवासी ग्राम पेली तगा तथा अमित और वीर सिंह निवासी ग्राम पारा खालसा थाना मंडी धनौरा शामिल हैं। पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक रवि कुमार, उपनिरीक्षक संजीव कुमार, कांस्टेबल रजत कुमार, अमित कुमार, अंकित कुमार और योगेश कुमार की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक ने टीम के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

# सांसद रुचि वीरा की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक सम्पन्न, विकास कार्यों की समीक्षा

बुलन्द मंज़िल ब्यूरो

**मुरादाबाद ।** सर्किट हाउस सभागार में माननीय सांसद कुंवरानी रुचि वीरा जी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए बैठक के दौरान सांसद ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं में



गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, जल जीवन मिशन, सड़क निर्माण, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा विभाग से संबंधित कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद ने योजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित विभागों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए उन्होंने जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों से कहा कि आम जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही विकास कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने और समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए बैठक में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी विभागों ने अपने-अपने कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की गई अंत में सांसद ने कहा कि दिशा समिति की बैठक का उद्देश्य विकास कार्यों की निगरानी करना और जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही।

दैनिक
बुलन्द मंज़िल

बिजनौर

संभल
बुधवार, 08 अप्रैल 2026
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)


# मिशन शक्ति का असर चांदपुर में महिलाओं को मिला सुरक्षा और अधिकारों का ज्ञान, जागरूकता कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

**हेल्पलाइन नंबरों से लेकर साइबर अपराध तक दी गई जानकारी, घरेलू हिंसा के खिलाफ उठाई आवाज**

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर।** महिलाओं को सशक्त और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत थाना चांदपुर क्षेत्र में एक प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 07 अप्रैल 2026 को मोहल्ला शाहचनंदन स्थित वाल्मीकि बस्ती धर्मशाला में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में महिला आरक्षी प्रीति तोमर, महिला होमगार्ड रश्मि चौधरी एवं अंशु रानी ने उपस्थित महिलाओं को एकत्रित कर उन्हें सुरक्षा, कानूनी अधिकारों एवं सरकारी सहायता सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महिलाओं को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में वे तुरंत सहायता के लिए महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 का उपयोग कर सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को घरेलू हिंसा, उत्पीड़न और छेड़छाड़ जैसे मामलों में चुप न रहने और तुरंत शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही मोबाइल और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों, जैसे अश्लील संदेश भेजना, ऑनलाइन पीछा करना और ठगी आदि के प्रति भी सतर्क रहने की सलाह दी गई। महिला पुलिस कर्मियों ने आत्मरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि जागरूकता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी प्रकार के अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा कार्यक्रम में स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। उपस्थित महिलाओं की समस्याएं सुनकर उनके समाधान का आश्वासन दिया गया, जिससे कार्यक्रम में आई महिलाओं ने संतोष व्यक्त किया। प्रशासन का संदेश : मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं को जागरूक, आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाना ही प्रशासन का मुख्य लक्ष्य है, ताकि समाज में महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।




# नगीना सीओ सकिल क्षेत्र की सुरक्षा करेंगे के राजेश सिंह

**लोकप्रिय सीओ अन्जनी कुमार का नजीबाबाद के लिए ट्रांसफर**

**दैनिक बुलंद मंजिल ब्यूरो**
**चीफ बिजनौर**

**बिजनौर /नगीना।** कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने के उद्देश्य से तेजतर्रार एसपी अभिषेक झा ने नगीना के लोकप्रिय सीओ डॉ अंजनी कुमार को नजीबाबाद का सीओ बनाया है। जबकि चांदपुर के सीओ राजेश सिंह को नगीना सीओ बनाया है। नगीना सीओ के पद पर तैनात किए गए राजेश सिंह ने आज कार्यभार ग्रहण कर लिया है। सीओ नजीबाबाद के पद पर स्थानांतरित किए गए डॉ अंजनी कुमार ने अपने मधुर व्यवहार से नगीना आवाम का दिल जीत रखा था। बतादे कि डॉ अंजनी कुमार के निर्देशन में सीओ सर्किल के चारों थानों नगीना, कोतवाली देहात, कस्बा बढ़ापुर, व नगीना देहात क्षेत्रों में पुलिस स्टाफ में जहां सक्रियता रही तो वहीं क्राइम भी कंट्रोल रहा छोटी बड़ी घटना का अतिशीघ्र सही ल व निष्पक्ष खुलासा भी हुआ?। डॉ अंजनी कुमार क्षेत्र के प्रति एक पीड़ित की समस्या को गंभीरता से सुना और उसका तुरंत समाधान करना उनकी आदत में शुमार था। नगीना आवाम पर अपने मधुर व्यवहार की अनूठी छाप छोड़ जाने वाले डॉ अन्जनी कुमार को नगीना आवाम के लिए भूल पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन रहेगा।



**मीडिया कर्मियों से खास लगाव रखते थे अन्जनी कुमार**

वैसे तो डॉ अन्जनी कुमार सभी का सम्मान करते थे, लेकिन मीडिया कर्मियों से वह अपना वस्ता बेहद मधुर रखते थे, यही वजह थी कि मीडिया कर्मी का समय समय पर उन्हें अटूट सहयोग मिलता रहता था। डॉक्टर अंजनी पर शेयर की यह चार लाइन सटीक बैठती है। ट्रांसफर वही जिस पर अफसोस करें जमाना- यूं तो जाने के लिए सभी आए हैं यहां।

# बदलते मौसम से बढ़ी चिंता नगीना में मच्छरों का प्रकोप तेज

**दैनिक बुलंद मंजिल /**
**यासिर शम्सी**

**नगीना।** अप्रैल का महीना शुरू होने के बावजूद नगीना नगर में रात के समय ठंड का एहसास बना हुआ है।पिछले कुछ दिनों से मौसम लगातार करवट ले रहा है,जिससे लोगों को दिन रात के तापमान में असामान्य बदलाव का सामना करना पड़ रहा है।मंगलवार को सुबह से आसमान में घने बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी हुई।बार बार बदल रहे मौसम के कारण वातावरण में ठंडक बनी हुई है,जिससे लोग असहज महसूस कर रहे हैं।मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस बार सामान्य वर्षों की तुलना में अधिक बारिश होने की संभावना है।ऐसे में मौसम का यह अस्थिर मिजाज आगे भी जारी रह सकता है।इधर, बदलते मौसम के बीच नगर में मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ने लगा है।घरों से लेकर नालियों तक मच्छरों की संख्या बढ़ने से लोगों में डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से नालियों की तली झाड़ सफाई कराने और नियमित फॉगिंग कराने की मांग की है,ताकि मच्छरों पर नियंत्रण पाया जा सके और संभावित बीमारियों से बचाव हो सके।नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई और फॉगिंग की व्यवस्था नहीं की गई,तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

# राजस्थान नारकोटिक्स ब्यूरो की छापेमारी, 16 लाख का डोडा पोस्त जब्त

**बुलंद मंजिल /**
**इकलाख कुरैशी**


थाना राया क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे के निकट नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो, कोटा (राजस्थान) की टीम ने भारी मात्रा में अवैध डोडा पोस्त बरामद कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरामद माल की कीमत लगभग 16 लाख रुपये बताई जा रही है। इस कार्रवाई का नेतृत्व सुप्रीटेंडेंट ऑफ नारकोटिक्स अमर सिंह ने किया। टीम में निरीक्षक पूरन मल मीणा, उपनिरीक्षक गजराज सिंह मीणा, एएनटीएफ जयपुर एवं एएनटीएफ चौकी भरतपुर के सदस्य शामिल रहे। जानकारी के अनुसार, टीम ने घेराबंदी कर कार्रवाई करते हुए करीब 325 किलोग्राम डोडा पोस्त तथा 65 हजार रुपये नकद बरामद किए। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त दो वाहनों–एक ट्रक (ढइ11 उफ6535) और एक एक्सयूवी 700 (ल्फ1 अढ 7071)–को भी जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में हरेंद्र सिंह, मंजीत सिंह, जीवन सिंह, मणिपारस, सतपाल सिंह एवं नवनीत सिंह शामिल हैं, जिनमें कुछ आरोपी पंजाब के निवासी बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी झारखंड से डोडा पोस्त लेकर पंजाब ले जा रहे थे, जिन्हें यमुना एक्सप्रेस-वे के पास पकड़ लिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है और इस तस्करी गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



# दुकान से घरेलू समान लेकर लौट रही किशोरी के साथ छेड़छाड़, परिजनों के साथ मारपीट, पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**अनिल चौधरी,बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** सासनी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में किशोरी के साथ छेड़छाड़ और परिजनों के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना उस समय हुई जब गांव की एक किशोरी दुकान से सामान लेकर अपने घर वापस लौट रही थी। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही एक युवक ने किशोरी के साथ अभद्रता की और उसे जबरन पकड़कर एक कमरे में ले जाने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपी ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ की, जिससे उसके कपड़े भी फट गए। किशोरी के शोर मचाने पर जब उसके पिता और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो आरोपियों ने उनके साथ भी हिंसक व्यवहार शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी के साथ अन्य कई लोग भी वहां पहुंच गए और उन्होंने किशोरी के परिजनों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने तुरंत स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस फिलहाल सभी आरोपियों की तलाश में जुटी है और घटना के हर पहलू की गहराई से जांच कर रही है। सासनी कोतवाली क्राइम प्रभारी अबधेश कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा पंजीकृत हो गया है। किशोरी को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेजा गया है। और मामले में जांच पड़ताल जारी है।



# अदालत से : हत्या प्रयास के पांच दोषियों को सात-सात वर्ष का सश्रम कारावास, तेरह-तेरह हजार का अर्थदंड

**एडीजे to अदालत का फैसला, ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी से मिली सजा**

**अनिल चौधरी,बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** हत्या के प्रयास के एक मामले में वाद विचारण के उपरांत न्यायालय ने पांच अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए प्रत्येक को सात-सात वर्ष के सश्रम कारावास एवं 13-13 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। यह निर्णय एडीजे-2 की अदालत द्वारा सुनाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना सिकन्द्राराऊ में मु0अ0सं0- 762/2010 धारा 147, 148, 149, 307 भादवि के अंतर्गत धर्मवीर पुत्र ओमवीर, पप्पन पुत्र ज्ञान सिंह, सुखवीर उर्फ सूखा पुत्र ज्ञान सिंह, वीरपाल पुत्र जंगी सिंह तथा होतीलाल पुत्र नत्थू सिंह निवासीगण टटी डाडिया, थाना सिकन्द्राराऊ, जनपद हाथरस के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा विवेचना तत्परता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। शासन के निदेशों एवं उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ह्वऑपरेशन कन्विक्शनह्व अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में इस मामले की प्राथमिकता से निगरानी की गई। मॉनीटरिंग सेल जनपद हाथरस एवं अभियोजन शाखा द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई। इसी प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरूप एडीजे-2 न्यायालय, हाथरस ने सभी पांचों अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए सात-सात वर्ष का सश्रम कारावास तथा 13-13 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।



# सिकंदराराऊ में महाराणा प्रताप शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक, वितरण किए गए निमंत्रण पत्र

**पंत चौराहे पर टीम का जोरदार स्वागत, भव्यता के साथ निकलेगी शोभायात्रा**

**अनिल चौधरी,बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** जिले की तहसील सिकंदराराऊ के पंत चौराहा स्थित स्वर्गीय तेजवीर सिंह सिसोदिया के आवास पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर एक भव्य स्वागत एवं बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान शोभायात्रा के अध्यक्ष अनिल सिसोदिया द्वारा आगामी कार्यक्रम के आमंत्रण पत्रों का वितरण कर सभी से इस ऐतिहासिक आयोजन में सम्मिलित होने की अपील की गई। कार्यक्रम में बबलू सिंह सिसोदिया, गौरव सिसोदिया और राहुल सिसोदिया ने संयुक्त रूप से शोभायात्रा की मुख्य टीम का अभिनंदन किया। अध्यक्ष अनिल सिसोदिया, संयोजक संदीप सिसोदिया, सह-संयोजक नरेश प्रधान एवं छोटू राणा को पगड़ी बांधकर और फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह का सफल संचालन निशांत चौहान द्वारा किया गया। बैठक के दौरान अध्यक्ष अनिल सिसोदिया ने शोभायात्रा की रूपरेखा साझा की और उपस्थित लोगों को आमंत्रण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि यह शोभायात्रा समाज की एकता और स्वाभिमान का प्रतीक है, जिसे सफल बनाना हम सभी का दायित्व है। इस अवसर पर मुख्य रूप से गौरव ठाकुर, गुड्डू जादौन, सुनील सिसोदिया, रानू ठाकुर, मोहित पुंडीर, मोना ठाकुर, छोटू पुंडीर, शिवम जादौन, अजय चौहान, सक्षम ठाकुर, राजा ठाकुर, उस्ताद, गौरव पुंडीर, नरेंद्र सिसोदिया, संजय चौहान, पुष्पेंद्र तोमर, शीलू पुंडीर, रामू पंडित और जीतू पुंडीर सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



# ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी दो बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई खाक किसान पर संकट की मार




**अनिल चौधरी,बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** सासनी के गांव छौंड़ा गडउआ में एक किसान की दो बीघा गेहूं की फसल ट्यूबवेल के ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी के कारण जलकर राख हो गई। यह घटना मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे हुई जिससे किसान को भारी नुकसान हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुकुंद खेड़ा मार्ग पर स्थित किसान मोनू कुमार पुत्र मदन लाल के खेत हैं। मोनू ने बताया कि खेत के पास में लगे ट्यूबवेल के ट्रांसफार्मर की केबल में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। इससे निकली चिंगारियों ने खेत में खड़ी सूखी गेहूं की फसल को तुरंत अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और करीब छह बीघा के चक में से दो बीघा फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। हालांकि, आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों और ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया, जिससे शेष फसल को जलने से बचा लिया गया।पीड़ित किसान मोनू कुमार ने बताया कि इस अग्निकांड में उन्हें करीब 40 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर लेखपाल मौसीन खां ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और नुकसान का आकलन किया।किसान ने प्रशासन से जल्द से जल्द उचित मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है।

# ऊर्जा भवन मेरठ में जन-सुनवाई, 47 शिकायतों का समाधान ; उपभोक्ताओं को मिली राहत

**बुलन्द मंजिल ब्यूरो**

**मुरादाबाद/मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) द्वारा उपभोक्ता हितों को सर्वोपरि रखते हुए ह्यसंभव कार्यक्रमह्ल के अंतर्गत डिस्कॉम मुख्यालय ऊर्जा भवन, मेरठ में जन-सुनवाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता (आईएएस) ने की। जन-सुनवाई का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान मेरठ, गाजियाबाद, लोनी और मुजफ्फरनगर सहित विभिन्न जनपदों से आए उपभोक्ताओं ने बिलिंग, मीटर और विद्युत आपूर्ति से जुड़ी कुल 47 शिकायतें दर्ज कराईं। अधिकारियों ने कई मामलों में मौके पर ही कार्रवाई करते हुए शिकायतों का निस्तारण किया, जिससे उपभोक्ताओं को तत्काल राहत मिली। शेष लंबित मामलों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जाए। जन-सुनवाई के दौरान यह भी निर्देशित किया गया कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और जवाबदेही बनाए रखी जाए, ताकि बेहतर और संतोषजनक सेवाएं प्रदान की जा सकें। डिस्कॉम द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मंगलवार को ह्यसंभव कार्यक्रमह्ल के तहत जन-सुनवाई एवं उपभोक्ता सेवा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में निदेशक (वाणिज्य) संजय जैन, निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) आशु कालिया, निदेशक (तकनीकी) एन.के. मिश्र, निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार तोमर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।



# बदायूं में बिन मौसम बारिश से हजारों किसानों के सपनों को धोया

## रबी की कटाई की बीच आई आफत की बारिश से किसानों की बड़ी चिंताएं

**दैनिक बुलंद मंज़िल /अजयपाल यादव**

**बदायूं ।** बदायूं जिले में मौसम ने अचानक करवट ली और कई इलाकों में झमाझम बारिश शुरू हो गई। अप्रैल की शुरूआत में हुई इस बिन मौसम बरसात में रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं की कटाई में जुटे हजारों किसानों की चिंता कई गुना बढ़ा दी है। खेतों में जगह-जगह कटी पड़ी सुनहरी फसल पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। जिससे अन्नदाताओं के चेहरे पर मायूसी साफ देखी जा रही है। क्योंकि फसल खराब होने से काफी किसानों की बेटियों की शादी पर संकट आएगा और कुछ बेटे के सपने भी अधूरे रह जाएंगे। रबी की कटाई के बीच आई आफत की बारिश, बदायूं जिले में इन दिनों गेहूं की कटाई जीरों पर है बिल्सी, बिसौली, सहसवान, और इस्लामनगर क्षेत्र के सैकड़ो गांवों में किसान या तो फसल काट चुके हैं या कटाई कर रहे हैं, कई खेतों में गेहूं की फसल कटकर खलिहानों में सूखने के लिए पड़ी थी, ऐसे में अचानक हुई तेज हवा के साथ बारिश ने किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फेरने का काम किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, लखनऊ केंद्र ने बदायूं समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए अगले 24 घंटे तक बारिश की संभावना जताई है। अलर्ट में कहा गया है कि इस दौरान गरज चमक के साथ 50-60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चल सकती है। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी आशंका है। विभाग ने किसानों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। बदायूं में किसानों को ज्यादा है नुकसान का डर,दाना पककर तैयार, कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक अप्रैल की बारिश गेहूं के लिए सबसे खतरनाक होती है इस समय दाना पककर तैयार हो जाता है। कटी फसल भीगने से दाने में नमी बढ़ जाती है, रंग काला पड़ जाता है और फफूंद लगने का खतरा रहता है, ऐसी फसल को सरकार समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदती। खड़ी फसल गिरने से तेज आंधी में गेहूं की बालियां जमीन पर गिर जाती हैं। इससे कटाई लागत बढ़ती हैं और 20-30% तक उपज का नुकसान हो जाता है। ओलावृष्टि हुई तो क्या होगा, ओले गिरने से पकी बालियों से दाना झड़कर खेत में ही बिखर जाता है। फिलहाल बदायूं में बादल छाए हुए हैं तेज हवा के साथ और रुक रुक कर बूंदाबांदी जारी है, किसान आसमान की तरफ टकटकी लगाए उम्मीद कर रहे हैं की बारिश जल्द थम जाए, वरना उनकी साल भर की कमाई पर संकट गहरा सकता है।

# राजघाट गंगा में डूबे युवक का सुराग नहीं, चौबीस घंटे बाद भी एनडीआरएफ का रेस्क्यू ऑपरेशन बेनतीजा

**दैनिक बुलंद मंज़िल /संवाददाता रामौतार शर्मा**



**संभल/थाना बबराला।** राजघाट गंगा तट पर सोमवार को स्नान के दौरान डूबे युवक का रेस्क्यू ऑपरेशन दूसरे दिन मंगलवार को भी विफल रहा। जिला प्रशासन और एनडीआरएफ की टीमों ने दिन भर गंगा की लहरों को खंगाला, लेकिन 32 वर्षीय सोमबीर का कोई पता नहीं चल सका। गंगा के बढ़ते जलस्तर और तेज बहाव के कारण सर्च ऑपरेशन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ?पैर फिसलने से हुआ हादसा ?धनारी थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानगढ़ करेला की मढ़ैया निवासी सोमबीर सोमवार को राजघाट पर गंगा स्नान करने आया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोमबीर किनारे पर ही स्नान कर रहा था, तभी अचानक गहरे पानी की ओर पैर फिसल गया। बहाव इतना तेज था कि जब तक लोग उसे बचाने के लिए दौड़ते, वह लहरों के बीच ओझल हो गया। रेस्क्यू ऑपरेशन की चुनौतियां ?घटना के बाद से ही पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर है। मंगलवार को रेस्क्यू ऑपरेशन की कमान एनडीआरएफ ने संभाली। ?सर्च एरियाः टीमों ने घटनास्थल से कई किलोमीटर आगे तक जाल डालकर और मोटर बोट के जरिए तलाशी ली। गंगा में पानी की गहराई और तलहटी में जमा गाद के कारण 'विजिबिलिटी' काफी कम है, जिससे गोताखोरों को पानी के अंदर देखने में परेशानी हो रही है।स्थानीय पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर कैंप कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि जब तक युवक का पता नहीं चल जाता, सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा।?परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल ?जैसे-जैसे समय बीत रहा है, परिजनों की आस टूटती जा रही है। सोमवार से ही सोमबीर के परिवार के लोग राजघाट किनारे डटे हुए हैं। गांव सुल्तानगढ़ करेला की मढ़ैया में भी इस घटना के बाद से चूल्हे नहीं जले हैं और मातम का माहौल है। पुलिस प्रशासन के अधिकारी लगातार परिजनों को ढांढस बंधाने का प्रयास कर रहे हैं।गंगा का जलस्तर अधिक होने के कारण सर्च ऑपरेशन में समय लग रहा है। हमारी टीमें और एनडीआरएफ के जवान पूरी मुस्तैदी से तलाश में जुटे हैं। अभियान लगातार जारी है। स्थानीय पुलिस प्रशासन ।

# पांच दिन से लापता पिता-पुत्र का खौफनाक अंत, जनपद शामली में मिले शव

## भाड़े पर ले जाकर की गई हत्या, एक आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश में जुटी पुलिस की टीमें

**दैनिक बुलंद मंजिल**



मृतक नरेश का फाइल फोटो



मृतक भीमसेन का फाइल फोटो

**संभल ,गुन्नौर।** थाना धनारी क्षेत्र के गांव भरावटी से चार दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए पिता-पुत्र के मामले का दिल दहला देने वाला पटाक्षेप हुआ है। लापता नरेश व उनके पुत्र की हत्या कर दी गई है। मंगलवार को दोनों के शव शामली जिले से बरामद हुए हैं। पुलिस ने इस सनसनीखेज वारदात में शामिल एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।विरोध प्रदर्शन के बीच आई अनहोनी की खबर विदित हो कि मलूआ के घेर निवासी नरेश व उनका पुत्र 2 अप्रैल से लापता थे। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सोमवार को कलेक्ट्रेट और एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया था। परिजनों का आरोप था कि पुलिस ने मोबाइल नंबरों की सीडीआर निकालने में ढिलाई बरती, जिसके कारण सुराग मिलने में देरी हुई। प्रदर्शन के कुछ ही घंटों बाद शामली पुलिस के माध्यम से शव मिलने की सूचना आई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया।शामली में हुई वारदात, मुख्य आरोपी गिरफ्त में एएसपी सुमित शुक्ला ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पिता-पुत्र की हत्या योजनाबद्ध तरीके से की गई है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि दोनों को बहला-फुसलाकर या भाड़े के बहाने ले जाया गया व शामली जिले में उनकी हत्या कर दी गई। शामली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक मुख्य आरोपी को दबोच लिया है।पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। हत्याकांड के कारणों व इसमें शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।परिजनों ने पहले ही आशंका जताई थी कि पुलिस यदि समय रहते सक्रिय होती, तो शायद अनहोनी को टाला जा सकता था। थाना धनारी प्रभारी संजय कुमार सिंह का प्रारंभिक तर्क था कि पिता-पुत्र कैला देवी बाजार गए थे, इसलिए मुख्य कार्यवाही वहीं से होनी चाहिए। हालांकि, अब हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस की विभिन्न टीमें हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने और फरार आरोपियों को दबोचने के लिए दबिश दे रही हैं।

# अंबेडकर जयंती पर शांति-सौहार्द का संदेश पीस कमेटी की अहम बैठक संपन्न

**दैनिक बुलंद मंज़िल / अजयपाल यादव**




सहसवान डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के मद्देनजर कोतवाली परिसर में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पीस कमेटी बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नगर एवं क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, गणमान्य व्यक्तियों और सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता डॉ हिरदेश कठेरिया अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने की । इस दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अंबेडकर जयंती को परंपरागत तरीके से, शांतिपूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। बैठक में विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या सामाजिक तनाव फैलाने वाली गतिविधियों को पूरी तरह रोका जाए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया सहित किसी भी माध्यम से फैलने वाली गलत सूचनाओं पर कड़ी नजर रखी जाएगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्र के बुजुर्गों, युवाओं एवं समाजसेवियों ने एक स्वर में आश्वासन दिया कि जयंती समारोह के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में वे प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे। उपस्थित लोगों ने कहा कि इस प्रकार की पूर्व-नियोजित बैठकों से क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बनता है और किसी भी अप्रिय घटना की संभावना न्यूनतम हो जाती है। अध्यक्षता करते हुए डॉ हिरदेश कठेरिया अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने संक्षिप्त संबोधन में सभी से शांति और सौहार्द के साथ जयंती मनाने की अपील की। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह , थाना प्रभारी धनंजय सिंह व थाना प्रभारी विदेश कुमार मुजरिया व थाना प्रभारी सुमित शर्मा जरीफनगर सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। अंत में सभी ने संयुक्त रूप से यह संकल्प लिया कि जयंती के दौरान क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था को बनाए रखने हेतु समन्वित प्रयास किए जाएंगे।

# भाजपा स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

**दैनिक बुलन्द मंज़िल /( जानेआलम तुर्की )**




**सम्भल।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस असमोली में बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने एकत्र होकर पार्टी के सिद्धांतों और नीतियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में गौरव कुमार यादव प्रांत उपाध्यक्ष मेरठ प्रांत सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति के नारे लगाए गए और मिठाई वितरित कर खुशी का इजहार किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि भाजपा हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करती रही है और आगे भी जन सेवा के लिए तत्पर है भाजपा पार्टी का स्थापना दिवस पूरे उत्साह, गौरव और संगठनात्मक भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने एकत्र होकर राष्ट्र सेवा, संगठन की मजबूती और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय सहित भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण की गई। गौरव कुमार यादव प्रांत उपाध्यक्ष मेरठ प्रांत ने विकास की राजनीति को मजबूती दी है बताया। वक्ताओं ने कहा कि स्थापना दिवस केवल उत्सव नहीं बल्कि संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का अवसर है। कार्यकताओं ने समाज सेवा, जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया। केंद्र सरकार की योजनाओं से गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को व्यापक लाभ मिला है। स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यकताओं ने इस दौरान अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लोक सेवा आयोग में समीक्षा अधिकारी पद पर चयन होने पर गुड्डू वाल्मीकि का भव्य स्वागत हुआ

**दैनिक बुलंद मंज़िल /अजयपाल यादव**





**बदायूं सहसवान।** नगर के मोहल्ला अकबराबाद निवासी गुड्डु पुत्र स्व. महावीर वाल्मीकि का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा समीक्षा अधिकारी (सचिवालय, लखनऊ) के पद पर होने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि पर नगरवासियों एवं समाज के लोगों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। बताया जाता है कि गुड्डू के बचपन में ही उनके माता-पिता का देहांत हो गया था। इसके बाद उनका पालन-पोषण उनके चाचा सतवीर वाल्मीकि एवं राजवीर उर्फ पप्पू ने किया। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया। गुड्डू के दादा स्व. रामलाल वाल्मीकि का सपना था कि वे अपने पोते को एक अधिकारी के रूप में देखें, जिसे गुड्डू ने साकार कर दिखाया। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद बीटेक की पढ़ाई IndianInstitute of Technology (इलव) से पूर्ण की। अपनी सफलता का श्रेय गुड्डू ने अपने परिजनों एवं शुभचिंतकों को दिया। उनके सम्मान में आयोजित स्वागत समारोह में भाजपा मंडल मंत्री रितु रानी, आकाश वाल्मीकि, नीरज भारती, वीरेश, महेश, इंद्रपाल, महोत्सव, कमलेश, शेर यादव, मुन्नालाल, चमन प्रजापति, श्याम प्रजापति. एमशन डेविड .राहुल. लालाराम.महेश सुनिल. सुनेहरी एवं रज्जन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर और पगड़ी बांधकर सम्मानित किया ।

# डॉ भीमराव अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल में परीक्षाफल वितरण समारोह हुआ संपन्न

**दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर**



**चन्दौसी।** नगर से सटे ग्राम पथरा में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल में आज कक्षा नर्सरी से कक्षा आठ तक का परीक्षाफल घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। स्कूल संचालक महानंदन गौतम ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने विद्यार्थियों की मेहनत और उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनको भविष्य में और अधिक परिश्रम करके बेहतर परिणाम लाने के लिए प्रेरित किया तथा सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से कक्षा आठ तक विद्यार्थियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जिससे उनका उत्साह वर्धन हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक प्रवीन कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नीरज कुमार शर्मा, सत्येंद्र सिंह सत्यपाल सिंह,रमन शर्मा,आरती सिंह,आभा रानी, रिनीअग्रवाल शिवगणेश शर्मा, सीमा अग्रवाल, अश्वनी शर्मा, रंजीत कुमार, सुशीला,क्षमता,शालू, रेशमा, रंजीत कौर,अनामिका यादव,योगेश, दुर्गेश नंदिनी, खुशबू,वंशिका सक्सेना काजल, गीता, अभिभावक गण आदि का योगदान सराहनीय रहा।

# संभल नगर भाजपा की कार्यकारिणी घोषित, हर्ष का माहौल

**दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर**



**सम्भल।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश पश्चिम क्षेत्र शीर्ष नेतृत्व द्वारा भारतीय जनता पार्टी जिला प्रभारी श्री हेमंत राजपूत भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू व नगर अध्यक्ष भाजपा कशिश कौशल एडवोकेट व जिला प्रवासी जी की संस्तुति पर संभल नगर की कार्यकारिणी घोषित की गई जिसमें नगर उपाध्यक्ष प्रतीक गुप्ता, निधि शर्मा, भीकम सिंह, विवेक तोमर, अरविंद प्रजापति, सतीश कुमार व नगर महामंत्री सुनील राजपूत, कैलाश चंद्र गुप्ता और नगर मंत्री दीपक शर्मा, राजवीर सिंह, पूनम पवार, अर्पित सक्सेना, संजीव राजपूत, सजन श्रीमाली और नगर कोषाध्यक्ष प्रभात सर्राफ व नगर मीडिया प्रभारी हर्षित शर्मा हनी, सोशल मीडिया प्रभारी प्रेम शंकर, आईटी संयोजक मनी अरोड़ा को बनाया गया कार्यकारी घोषित होने के बाद भाजपा नगर संभल में हर्ष की लहर दौड़ गई। नगर अध्यक्ष कशिश कौशल एडवोकेट ने अपने निवास पर आए सभी नव नियुक्त भाजपा नगर संभल के पदाधिकारीयों का पटका, फूल माला पहनकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी सभी पदाधिकारी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं प्रेषित की।

# 11 अप्रैल को सर्किट हाउस में होगी विनियमन समीक्षा समिति की बैठक, डीएम ने तैयारियों को लेकर दिए सख्त निर्देश

**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 11 अप्रैल 2026 को शहर के सर्किट हाउस सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक मा. सभापति अश्विनी त्यागी के सभापतित्व में संपन्न होगी, जिसमें विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे यह समीक्षा बैठक केवल मुरादाबाद ही नहीं, बल्कि संभल और रामपुर जनपद के अधिकारियों के साथ भी संयुक्त रूप से आयोजित की जाएगी। बैठक में विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली, योजनाओं के क्रियान्वयन और विनियमों के पालन की विस्तृत समीक्षा की जाएगी बैठक की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी अनुज सिंह ने सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ पूर्व बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी अधिकारी निर्धारित प्रोटोकॉल का गंभीरता से पालन करें और समीक्षा के लिए तय बिंदुओं पर पूरी तैयारी के साथ बैठक में उपस्थित हों विनियमन समीक्षा समिति में सभापति अश्विनी त्यागी के अलावा सदस्य के रूप में ओम प्रकाश सिंह, रमा निरंजन, पवन कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, मुकेश शर्मा, संतोष सिंह, शाह आलम, अविनाश सिंह चौहान, मानवेंद्र सिंह एवं धर्मेंद्र कुमार भारद्वाज शामिल रहेंगे जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित सूचनाएं, अभिलेख और प्रगति रिपोर्ट समय से तैयार रखें, ताकि बैठक में प्रभावी समीक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# पवित्र शिक्षा को व्यापार बनाने वालों पर रोक लगे अनवारुल हक

## प्राइवेट स्कूलों के महंगे कोर्स व ड्रेस से अभिभावक परेशान

>> दुनिया भर में जिस भारत की पहचान शिक्षा को लेकर की जाती थी आज उसी भारत में शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है

>> आम आदमी के लिए अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाना अपने पेट पर लात मारने जैसा हो गया है



**दैनिक बुलंद मंजिल/ ब्यूरो चीफ बिजनौर**

**बिजनौर /नजीबाबाद**। प्रेस को जारी एक बयान में विश्व मानवधिकार परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मौलाना अनवारुल हक ने कहा कि दुनिया भर में जिस भारत की पहचान शिक्षा को लेकर की जाती थी आज उसी भारत में शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है निजी स्कूलों की मनमानी हर वर्ष बढ़ती जा रही है ना कोई रोकने वाला है ना कोई टोकने वाला है स्कूल प्रबंधन और बुक डिपो संचालकों की शॉर्टकट से किताबों की कीमतें कई गुना बढ़ा दी गई है 100 रुपए की किताबें 1000 में जो कोर्स 700 रुपए में मिलना चाहिए था वह कोर्स प्राइवेट स्कूल वाले 7000 रुपए में दे रहे हैं और गरीब आदमी अपना पेट काटकर कर्जा लेकर महंगा कोर्स खरीदने पर मजबूर है जबकि एनसीईआरटी की किताबें सस्ती हैं लेकिन स्कूलों में उन किताबों को नहीं पढ़ाया जा रहा है प्राइवेट स्कूल चाहे सीबीएसई बोर्ड के हों या यूपी बोर्ड के या किसी अन्य बोर्ड के मगर सब के सब मनमाने तरीके से कोर्स और ड्रेस के नाम पर डंके की चोट पर गरीब आदमी की जेब पर डाका डाल रहे हैं पाठ्यक्रम विक्रेताओं से कमीशन तय करके पाठ्यक्रम रखवा दिया है जहां मनमाने ढंग से पाठ्यक्रम की किताबों पर उनकी कीमत कई गुना अधिक लिखी होती है ऐसा प्रतीत होता है जैसे अन्य पुस्तकों के लिए कागज सियाही प्रिंटिंग का खर्च अलग होता है और स्कूल की किताबों के लिए सोने चांदी का कागज और स्याही हीरे से तैयार कर प्रिंटिंग की जाती है एक बड़ी समस्या यह है कि प्राइवेट स्कूलों की पुस्तकें सिर्फ उनके बताए हुए बुक डिपो पर ही मिलती है अन्य स्थान पर मिल ही नहीं सकती जबकि सरकार ने प्राइवेट स्कूलों के लिए कोर्स फीस ड्रेस आदि के बारे में गाइडलाइन जारी कर रखी है लेकिन उनको मानता कोई नहीं सबकी मिली भगत से खुलेआम पवित्र शिक्षा के नाम पर ठगी का काम जारी है शासन,पक्ष,विपक्ष के नेता इस मुद्दे पर मौन रहते हैं उन्होंने कहा कि अगर हम भारत की तरक्की चाहते हैं और हकीकत में देश प्रेमी है तो सभी को शिक्षा का अवसर मिलना चाहिए प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगनी चाहिए हम पूरी दुनिया में अपने देश का नाम अपने देश का झंडा सिर्फ शिक्षा से ऊंचा कर सकते हैं।

# चांदपुर में रालोद का शक्ति प्रदर्शन प्रदेश महासचिव राजीव चौधरी व क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह का जोरदार स्वागत

## 2027 चुनाव को लेकर कार्यकताओं में जोश, जीत का लिया संकल्प





**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर**। विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए अपने संगठन को मजबूती देने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। मंगलवार को रालोद के उत्तर प्रदेश महासचिव (संगठन) राजीव चौधरी एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी रामवीर सिंह के प्रथम आगमन पर कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। राणा ऑटोमोबाइल (राणा ट्रैक्टर्स) पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए। इस दौरान नेताओं का फूल-मालाओं और गुलदस्तों से जोरदार अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकताओं ने एकजुट होकर आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय लोक दल को मजबूत करने और चांदपुर विधानसभा सीट पर जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। नेताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों को पहुंचाने पर जोर दिया। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शीशपाल राठी, क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र प्रधान, जिला महासचिव डॉ. विपिन तोमर, नगर अध्यक्ष मुंजरीम अहमद, युवा नेता निमित चौधरी, भूदेव तोमर, राजेंद्र चौधरी, नरेश नेताजी, इकरार अंसारी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख धर्मपाल सिंह, शमीम अहमद, जगदीश सिंह, देशराज सिंह, रमेश चंद्र शर्मा, लव कुमार, समरपाल सिंह, रविंद्र सिंह, मतलूब कुरैशी सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राजनीतिक संदेश : रालोद नेताओं के इस दौरे को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की शुरूआत माना जा रहा है, जिससे क्षेत्र में सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं।

# स्वास्थ्य दिवस पर सरस्वती विद्या मंदिर में अनोखी पहल : नए विद्यार्थियों का तिलक व पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत

## स्वास्थ्य के तीन मूल मंत्र दिए गए, जल्द ही चिकित्सा शिविर लगाने की घोषणा





**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर**। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, चांदपुर में मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय में नवीन प्रवेश लेने वाले भैया-बहनों का तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया, जिससे विद्यालय परिसर उत्साह और उल्लास से भर उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य नवनीत कुमार, मुख्य अतिथि डॉ. मुदित वैश्य (दंत चिकित्सक, चांदपुर) एवं नवप्रवेशित विद्यार्थियों द्वारा दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन के साथ किया गया। वंदना सत्र के उपरांत विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किए और कार्यक्रम में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. मुदित वैश्य ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए तीन पहलुओं–शारीरिक, मानसिक और सामाजिक–पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम ह्लस्वास्थ्य के लिए एकजुटः विज्ञान के साथ खड़े रहेंह्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को जागरूक किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने विद्यालय में शीघ्र ही एक चिकित्सा शिविर आयोजित कराने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं धार्मिक ग्रंथ गीता भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के कोऑर्डिनेटर पूजा शर्मा, वरिष्ठ छात्राओं दर्शिका व रिमझिम सहित अन्य विद्यार्थियों ने नए प्रवेशित छात्रों का तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय में नव नियुक्त संगीत शिक्षक अवनीश भटनागर का भी तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथि ने एलकेजी, कक्षा 10 एवं 12 में लगे डिजिटल स्मार्ट बोर्ड का निरीक्षण किया और विद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए समस्त स्टाफ को बधाई दी। कार्यक्रम का छायांकन आचार्या दिव्या विश्वकर्मा एवं कक्षा 10 के छात्र देव नामदेव द्वारा किया गया। खास बात : स्वास्थ्य जागरूकता के साथ नए विद्यार्थियों का सम्मान, कार्यक्रम बना प्रेरणा का केंद्र।

# चांदपुर में लाखों की चोरी का 11 दिन बाद भी नहीं खुलासा व्यापारियों में उबाल, मंत्री के अल्टीमेटम से पुलिस पर दबाव

## जेवर और 8 लाख की नकदी पार, सीसीटीवी में उलझी जांच; 3 दिन में खुलासा न हुआ तो आंदोलन की चेतावनी




**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर**। नगर चांदपुर में व्यापारी के घर हुई लाखों रुपये की चोरी का 11 दिन बीत जाने के बाद भी खुलासा न होने से व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। पुलिस की कई टीमें लगातार जांच में जुटी होने का दावा कर रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग पाया है, जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, व्यापारी निरीश कुमार उर्फ बिल्लू गुप्ता के भतीजे मुकुल गुप्ता के स्टोर रूम को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने सोने के आभूषण और करीब 8 लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली थी। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की, लेकिन अब तक न तो चोरी का खुलासा हो पाया है और न ही आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकी है। इस घटना से नाराज व्यापारियों का कहना है कि लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं से व्यापारियों में असुरक्षा का माहौल बन रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस अपराधों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। मामले को लेकर व्यापारी वर्ग ने एक प्रतिनिधिमंडल बनाकर भाजपा के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री दीपक अरोड़ा सहित कई व्यापारी मौजूद रहे। व्यापारियों ने मंत्री के सामने अपनी समस्याएं रखते हुए जल्द से जल्द चोरी का खुलासा करने और दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की। प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी बिजनौर अभिषेक झा से फोन पर वार्ता की और पुलिस को सख्त निर्देश देते हुए तीन दिन के भीतर चोरी का खुलासा करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बढ़ता दबाव, बढ़ती चिंता : प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल के निर्देश के बाद अब पुलिस पर मामले के जल्द खुलासे का दबाव बढ़ गया है। वहीं व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। बड़ा सवाल : क्या पुलिस तय समय सीमा में चोरी का खुलासा कर पाएगी या फिर व्यापारियों का गुस्सा सड़कों पर दिखाई देगा।

# पुराने मकान की दीवार तोड़ते समय मलवे में दबाकर मजदूर की मौत

**दैनिक बुलंद मंजिल हरीश कुमार**

**ठाकुरद्वारा**। नगर में पुराने मकान की दीवार तोड़ते समय मलवे में दबाकर मजदूर की मौत 27 वर्षीय सतपाल पुत्र मुन्नू सिंह जो कोतवाली निवासी ठाकुरद्वारा के गांव दारापुर के निवासी था करीब सुबह 9:00 बजे हादसे का हो गया शिकार सतपाल नगर के अस्पताल रोड स्थित एक पुराने मकान की दीवार मजदूरी पर तोड़ रहा था अचानक दीवार का बड़ा हिस्सा टय गया और वह मलवे में दब गया आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह मलवा हटाकर उसको बाहर निकाल घायल सत्यपाल को नगर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया गया। और वहा से परिजन उसे काशीपुर अस्पताल में ले गए हालत नाजुक होने के कारण उसको मुरादाबाद रेफर किया मुरादाबाद में इलाज के दोरान उसकी मौत हो गयी । मृतक का शव घर पहोचते ही परिजनों में कोहराम मच गया मां रामवती पत्नी राखी. बेटियां हर्षिका. सृष्टि. रो रो-रो कर बुरा हाल है बताया गया कि सतपाल परिवार का छोटा बेटा और परिवार का सहारा भी वही था।

# बाढ़ सुरक्षा कार्यों का डीएम व मुख्य अभियंताओं ने किया निरीक्षण, बरसात से पहले पूरा करने के निर्देश



**बुलंद मंज़िल उप जिला प्रभारी मौहम्मद फैजान**

**बिजनौर**। चौधरी चरण सिंह मध्य गंगा बैराज के अपस्ट्रीम क्षेत्र में चल रहे बाढ़ सुरक्षा कार्यों का जिलाधिकारी जसजीत कौर ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ मुख्य अभियंता स्तर-1 रूहेलखंड, बरेली अवधेश कुमार तथा मुख्य अभियंता मध्य गंगा, अलीगढ़ कृष्ण मोहन कंसल भी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बाएं अफलक्स बंध पर चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। डीएम जसजीत कौर ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी कार्य हर हाल में बरसात से पहले पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि संभावित बाढ़ से क्षेत्र को सुरक्षित रखा जा सके। शाम डीएम ने गंगा नदी के मध्य स्थित टापू पर चैनल निर्माण के लिए चल रही ड्रेजिंग प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों में तेजी लाई जाए और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। मुख्य अभियंता अवधेश कुमार और कृष्ण मोहन कंसल ने भी अपस्ट्रीम क्षेत्र में चल रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए बाढ़ परियोजनाओं की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और संबंधित अधिशासी अभियंता व अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बाढ़ सुरक्षा से जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया। इस मौके पर मध्य गंगा बैराज के अधिशासी अभियंता ब्रजेश मौर्य, एसडीओ अमित कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर टीबी रोगियों हेतु पोषण किट वितरण कार्यक्रम आयोजित




**दैनिक बुलंद मंज़िल मौहम्मद फैजान**

**बिजनौर**। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जनपद के जिला टीबी अस्पताल में एक महत्वपूर्ण पोषण किट वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए आयोजकों ने टीबी (क्षय रोग) से पीड़ित मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण स्तर को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टीबी रोगियों के बीच संतुलित आहार के महत्व को समझाना तथा उनके उपचार के दौरान पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करना था। इस दौरान मरीजों को पोषण किट वितरित की गई, जिसमें आवश्यक खाद्य सामग्री शामिल थी, ताकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाया जा सके।इस अवसर पर बिजनौर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशलेंद्र सिंह तथा स्वाति वीरा महाजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी से लड़ने में दवाइयों के साथ-साथ उचित पोषण भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मरीजों से नियमित उपचार लेने और पौष्टिक आहार अपनाने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने टीबी के लक्षण, बचाव एवं उपचार से संबंधित जागरूकता भी फैलाई। उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि समाज में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाकर ही इस बीमारी को जड़ से समाप्त किया जा सकता है।इस आयोजन ने न केवल मरीजों को पोषण सहायता प्रदान की, बल्कि उनके मनोबल को भी बढ़ाया। स्थानीय स्तर पर इस पहल की सराहना की जा रही है और इसे स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अपने आवास पर सुनीं जनसमस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश





**दैनिक बुलंद मंज़िल मौहम्मद फैजान**

**धामपुर**। नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने धामपुर स्थित अपने आवास पर क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। सांसद ने सभी की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर शिकायतों के शीघ्र, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उनके साथ धामपुर सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन भी मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान ही उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने दोहराया कि क्षेत्र के लोगों की सेवा करना उनका कर्तव्य ही नहीं, बल्कि संकल्प भी है। मुलाकात के दौरान उपस्थित लोगों ने अपनी समस्याओं के प्रति सांसद की संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर ने पाइपलाइन गैस आपूर्ति बढ़ाने को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**दैनिक बुलंद मंज़िल मौहम्मद फैजान**

**बिजनौर**। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में घरेलू उपभोक्ताओं को पाइपलाइन के माध्यम से गैस आपूर्ति बढ़ाने के संबंध में जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में पाइप्ड नेचुरल गैस (ढठॠ) की पहुंच को अधिक से अधिक घरों तक सुनिश्चित करना तथा गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना रहा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों और गैस एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने के कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं को सुरक्षित, सस्ती और सुगम गैस आपूर्ति उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन क्षेत्रों में अभी तक पाइपलाइन गैस की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां प्राथमिकता के आधार पर सर्वे कराकर कार्य योजना तैयार की जाए। साथ ही, आम नागरिकों को इस योजना के लाभों के बारे में जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में एसडीएम रितु रानी सहित अपर जिलाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी और संबंधित एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और आने वाली चुनौतियों पर भी चर्चा की।अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने और नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए, ताकि जिले के अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को पाइपलाइन गैस की सुविधा का लाभ मिल सके।

# प्रशांत हत्याकांड पर गरमाई सियासत राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने गांव पहुंचकर दिया न्याय का भरोसा, अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की उठी मांग

## चार आरोपी जेल में, लेकिन परिवार बोला—मुख्य दोषी अब भी बाहर; पुलिस कार्यशैली पर ग्रामीणों के सवाल

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**



**चांदपुर।** थाना चांदपुर क्षेत्र के ग्राम हैजरपुर में हुए बहुचर्चित प्रशांत हत्याकांड को लेकर अब सियासी हलचल तेज हो गई है। विधान परिषद सदस्य एवं राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी मृतक के गांव हैजरपुर पहुंचे, जहां उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हरसंभव न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें आर्थिक सहायता दिलाने के लिए भी हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। घटना की पृष्ठभूमि गौरतलब है कि 22 मार्च को स्कूटी और बाइक की टक्कर के बाद गांव हैजरपुर निवासी प्रशांत कुमार सैनी पुत्र सियाराम के साथ कथित तौर पर स्कूटी सवार युवती के परिजनों और अन्य लोगों द्वारा मारपीट की गई थी। गंभीर रूप से घायल प्रशांत की 26 मार्च को उपचार के दौरान मौत हो गई थी, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया था। सात घंटे तक लगा रहा जाम घटना के बाद जब शव गांव पहुंचा तो गुस्साए ग्रामीणों ने चांदपुर-बास्ता मार्ग पर जाम लगा दिया था। ग्रामीणों ने करीब सात घंटे तक शव नहीं उठने दिया और सभी आरोपियों की गिरफ्तारी तथा पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की थी। अब तक की कार्रवाई और उठते सवाल पुलिस इस मामले में चार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, लेकिन पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना में कई अन्य लोग भी शामिल थे, जिन्हें अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। परिवार और ग्रामीणों ने मंत्री के सामने यह मुद्दा जोरशोर से उठाया और सभी दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए। जहां एक ओर पुलिस क्षेत्राधिकारी के कार्य की सराहना की गई, वहीं कोतवाली प्रभारी पर ढिलाई बरतने के आरोप लगाए गए। साथ ही यह भी बताया गया कि हल्का दरोगा द्वारा कई लोगों के खिलाफ धारा 107/116 की कार्रवाई की गई है, जिससे असंतोष का माहौल बना हुआ है। रस्म पगड़ी में उमड़ा जनसैलाब 5 अप्रैल को आयोजित रस्म पगड़ी में हजारों लोगों की मौजूदगी ने इस मामले को और अधिक तूल दे दिया। कार्यक्रम में लोगों ने एकजुट होकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का संकल्प लिया। मंत्री ने दिया सख्त संदेश राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने स्पष्ट कहा कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और सभी आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। इस दौरान पूर्व विधायक कमलेश सैनी, जिला महामंत्री दिनेश सैनी, जिला मंत्री तिलक राज सैनी, नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष मीनू राजपूत, मंडल अध्यक्ष राकेश सैनी, मंडल उपाध्यक्ष रजनोश चौहान सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। बड़ा सवाल : क्या पुलिस सभी आरोपियों तक पहुंचेगी या फिर मामला अधूरा रह जाएगा अब सबकी नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी है।

# सोना 1.52 लाख पार, चांदी में भी जोरदार उछाल : सराफा बाजार में मची हलचल

## शादी सीजन से पहले कीमतों में आग, आम ग्राहक परेशान, निवेशकों की बल्ले-बल्ले

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**

दिनांक: 07-Apr-2026 भाव 12 PM

| | | |
|---|---|---|
| सोना (999.9) RTGS | ₹ | 152725 |
| स्थानीय तैयारी सोना (99.50) | ₹ | 150000 |
| जेवर गिन्नी | ₹ | - |
| चाँदी (999.9) RTGS | ₹ | 239200 |
| स्थानीय तैयारी चाँदी (99) | ₹ | 235500 |
| स्थानीय भाव पुराना चाँदी सिक्का | ₹ | 2460 |
| स्थानीय भाव पुरानी गिन्नी | ₹ | 111120 |

**चांदपुर ।** स्थानीय सराफा बाजार में आज सोना और चांदी के दामों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली, जिससे बाजार में हलचल मच गई है। लगातार बढ़ती कीमतों ने आम ग्राहकों की चिंता बढ़ा दी है, जबकि निवेशकों के चेहरे खिल उठे हैं। जानकारी के अनुसार, शुद्ध सोना (999.9) का भाव 1,52,725 प्रति 10 ग्राम (RTGS) तक पहुंच गया है। वहीं स्थानीय स्तर पर तैयार सोना (99.50) भी ?1,50,000 के आसपास कारोबार करता नजर आया। सराफा व्यापारियों के मुताबिक, सोने की कीमतों में यह उछाल अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी और बढ़ती मांग का असर है। जेवर और गिन्नी के भाव भी ऊंचाई पर बने हुए हैं, जिससे शादी-विवाह के सीजन में खरीदारी करने वाले लोगों को जेब ढीली करनी पड़ रही है। पुरानी सोने की गिन्नी का भाव ?1,11,120 तक पहुंच गया है। वहीं चांदी के दामों में भी जोरदार उछाल दर्ज किया गया। चांदी (999.9) का रेट ?2,39,200 प्रति किलो (फ्र्र्र्र) तक पहुंच गया, जबकि स्थानीय तैयार चांदी 2,35,500 प्रति किलो पर बिकती नजर आई। पुराने चांदी के सिक्कों का स्थानीय भाव 2,460 प्रति नग दर्ज किया गया। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों, डॉलर में उतार-चढ़ाव और निवेशकों के सुरक्षित निवेश की ओर झुकाव के कारण सोना-चांदी के दामों में तेजी बनी हुई है। आने वाले दिनों में भी कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है। आम जनता पर असर : कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से आम ग्राहकों के लिए आभूषण खरीदना मुश्किल होता जा रहा है, खासकर उन परिवारों के लिए जिनके यहां शादी-विवाह का कार्यक्रम है।

# पी डब्ल्यू डी गेस्ट हाउस नजीबाबाद में भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) संगठन की मासिक पंचायत का आयोजन किया गया

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**उपेंद्र सिंह**



**नजीबाबाद।** पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, नजीबाबाद में भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) संगठन की मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा भविष्य में किसानों के समक्ष आने वाली चुनौतियों को लेकर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रांत उपाध्यक्ष चौधरी बलराम सिंह ने किसानों को संबोधित किया। उन्होंने किसानों को एकजुट रहने का संदेश देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही किसानों की आवाज को प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचा सकती है। साथ ही उन्होंने किसानों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु प्रशासन के समक्ष संगठित रूप से अपनी बात रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। पंचायत में किसानों की प्रमुख मांगें निम्नलिखित रहीं : सभी उपभोक्ताओं को एलपीजी गैस सिलेंडर समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराए जाएं तथा विवाह आदि विशेष अवसरों पर अतिरिक्त सिलेंडर की व्यवस्था प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की जाए। किसान सहकारी समितियों द्वारा गत वर्ष लिए गए ऋण पर 7% ब्याज वसूला गया, जबकि प्रदेश सरकार की घोषणा के अनुसार यह ब्याज दर 3% होनी चाहिए थी। इस विसंगति को तत्काल सुधारा जाए। तहसील क्षेत्र के सभी पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड समय पर बनाए जाएं तथा अपात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड नियमानुसार निरस्त किए जाएं। इन सभी मुद्दों पर पंचायत में गंभीरता से विचार किया गया और किसान हित में ठोस निर्णय लेने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कुलबीर सिंह सहित भोपाल राठी, विजय सिंह, नवीन राजपूत, पुनीत चौहान, मुनेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, पवन कुमार, समरपाल सिंह, हिमांशु चौधरी, रूपेंद्र सिंह, सुशील कुमार, हाजी हनीफ, वेद जी, हेमेंद्र सिंह, तरुण कुमार, मोहम्मद इफ्तिखार, अमित प्रताप सिंह सहित अनेक गणमान्य किसान उपस्थित रहे। पंचायत का समापन किसान एकता और संगठन की मजबूती के संकल्प के साथ हुआ।

# दबंगों का कहर दादीलाई जमीन पर कब्जा, पाइप डालकर किया अतिक्रमण : शिकायत करने पर पीड़ित पर ही कार्रवाई

## प्रशासन पर मिलीभगत के आरोप, मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**



**चांदपुर।** थाना चांदपुर क्षेत्र के ग्राम स्याऊ से भूमाफियाओं की दबंगई का एक गंभीर मामला सामने आया है। गांव के निवासी गणेश सिंह ने आरोप लगाया है कि उनकी दादीलाई जमीन पर गांव के ही कुछ दबंग लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है और विरोध करने पर उन्हें धमकाया जा रहा है। पीड़ित गणेश सिंह पुत्र स्वर्गीय घासी सिंह, निवासी मोहल्ला होली चौक, ग्राम स्याऊ के अनुसार, गांव के विशाल पुत्र विनेन्द्र उर्फ विन्दे, मिलन चौधरी, महेन्द्र और कालू सहित अन्य लोगों ने उनकी पुश्तैनी भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया है। इतना ही नहीं, आरोपियों ने अपने घर की नाली और समरसेबिल के पाइप भी पीड़ित की जमीन में दबा दिए हैं, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। पीड़ित का कहना है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने दबंगई दिखाते हुए खुलेआम धमकी दी कि उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, क्योंकि उनका एक करीबी रिश्तेदार प्रशासन में उच्च पद पर तैनात है। इस कथित दबाव के चलते स्थानीय प्रशासन भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। गणेश सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने मामले की शिकायत की, तो उल्टा उन्हीं के खिलाफ धारा 107/151 के तहत कार्रवाई कर दी गई, जिससे वे मानसिक रूप से बेहद परेशान हैं। न्याय की आस में पीड़ित ने 1 नवम्बर को मुख्यमंत्री जनता दरबार, गोरखपुर में भी शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। अब पीड़ित ने मुख्यमंत्री से पुनः गुहार लगाते हुए मांग की है कि उनकी जमीन से अवैध कब्जा हटवाया जाए, दबाए गए पाइपों को निकलवाया जाए और पुलिस प्रशासन की निगरानी में उन्हें उनकी जमीन का कब्जा दिलाया जाए। बड़ा सवाल : क्या प्रशासनिक संरक्षण के चलते भूमाफियाओं के हौसले बुलंद हैं या फिर पीड़ित को मिलेगा न्याय।

# लंदन प्रदर्शनी में झूले से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से हुआ घायल

## शासन प्रशासन पर खड़े हो रहे सवाल खड़े प्रदर्शनी का माहौल गमार्या

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**ब्यूरो चीफ बिजनौर**



**बिजनौर / नजीबाबाद।** नगर के रायपुर रोड पर स्थित 'लंदन प्रदर्शनी' मेले में कल रात चीख-पुकार और विलायती माहौल में बदलाव हुआ। गैरमौजूदा समय में गुलामों में से एक ने गरीब को गिरा दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को सहायक- निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां पर युवक की हालत देखते हुए हायर सेंटर एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया गया जहां पर गंभीर रूप से घायल हो गई युवक का उपचार चल रहा है। सूत्रों के अनुसार मिली जानकारी में बताया गया कि जलालाबाद निवासी अजीम (पुत्र अनीस) कल देर रात अपने परिवार के साथ नुमाइश देखने रायपुर रोड गया था। बताया जा रहा है कि अजीम जब एक साहसी झूले का आनंद ले रहा था, तभी अचानक वह काफी हद तक सीधे जमीन पर गिर गया और अजीम के साथ एक बड़ी घटना हो गई घटना के बाद प्रदर्शनी परिसर में राक्षस-मैच हो गया और प्रदर्शनी में की पुकार मच गई इस बड़ी घटना के दौरान मेले में भगदड़ का माहौल हो गया जब अजीम के पिता के बारे में जानकारी की गई तो पता चला कि अजीम का पिता की फल की दुकान दुकान है जिससे वह अपने परिवार का लालन पोषण करता है और घायल अजीम संगीतकार से क्रू दल है और कड़ी मेहनत कर अपने परिवार का हाथ बंटाता है। उनके पिता अनीस फल की दुकान चलाते हैं। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मेला सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं वहीं सूत्रों से मिली जानकारी में बताया गया कि सुरक्षा मानक की अनदेखी के आरोप इस घटना ने प्रदर्शनी के झूलों की सुरक्षा और तकनीकी की जांच पर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं। कि झूला चिकित्सक द्वारा सुरक्षा के विवेकशील समाधान नहीं दिए गए थे तथा झूलों की सेफ्टी को लेकर भी लाखों सवाल खड़े हो रहे हैं मनोरंजन अधिकारी की यह लापरवाही की वजह से प्रदर्शनी में हादसा हुआ है अगर मनोरंजन अधिकारी सुरक्षा की जांच पूर्ण रूप से कर लेते तो यह हादसा नहीं भी हो सकता था। शासन प्रशासन पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं और शासन प्रशासन की अनदेखी बताई जा रही है वहीं सूत्रों का कहना है कि मेला प्रदर्शनी में प्रशासन का भी सहयोग रहता है और प्रशासन की अनदेखी भी हो रही है और शासन प्रशासन पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं और सेफ्टी को लेकर शासन पर भी चर्चा का विषय बना हुआ है क्या शासन प्रशासन द्वारा प्रदर्शनी की जांच कर कठोर कार्यवाही की जाती है या मामले को आनंद-पणन कर बंदर बंटवारा किया जाता है यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सीएचसी में शुरू हुआ एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान

## कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा ने फीता काटकर किया





**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**मौहम्मद फैजान**

**स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में 7 अप्रैल 2026, सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर किशोरियों के लिए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन लगाने का अभियान विधिवत शुरू किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर एएनएम माधुरी राजपूत, दुशाला शर्मा एवं सरिता चौहान द्वारा किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन का टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही की अगुवाई में आयोजित हुआ, जिसमें कोल्ड चेन प्वाइंट पर टीकाकरण की शुरूआत की गई। डॉ. मनोज वर्मा ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बेहद प्रभावी और सुरक्षित है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की सभी किशोरियों को यह टीका अवश्य लगवाएं। उन्होंने यह भी बताया कि पहले यह वैक्सीन निजी क्षेत्र में काफी महंगी थी, लेकिन अब सरकारी अस्पतालों में यह पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है और यह सिंगल डोज में दी जा रही है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने जानकारी दी कि शासन के निदेर्शानुसार यह अभियान ब्लॉक स्तर पर शुरू किया गया है। प्रदेश स्तर पर इसका शुभारंभ 28 फरवरी 2026 को हो चुका है, जबकि जनपद बिजनौर में भी जिला स्तर पर इसकी शुरूआत पहले ही की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि आगामी तीन महीनों तक यह टीकाकरण कोल्ड चेन प्वाइंट पर संचालित होगा, इसके बाद इसे राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल कर ग्राम स्तर तक विस्तारित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल 300 डोज वैक्सीन प्राप्त हुई हैं और टीकाकरण का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। टीका 0.5 एमएल की मात्रा में मांसपेशी (इंट्रामस्कुलर) के जरिए बाएं हाथ में लगाया जाएगा। टीकाकरण के बाद लाभार्थियों को 30 मिनट तक निगरानी में रखा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह भी निर्देश दिए गए हैं कि टीका लगवाने आने वाली किशोरियां खाली पेट न आएं। हल्के दर्द या बुखार की स्थिति में पेरासिटामोल दी जाएगी तथा पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ लेने की सलाह दी गई है। अधिक दर्द होने पर ठंडी सिकाई भी की जा सकती है। टीकाकरण प्रक्रिया कोविड टीकाकरण की तर्ज पर यू-विन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी, जहां पंजीकरण एवं प्रमाण पत्र की सुविधा उपलब्ध है। ऑन-साइट रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था भी केंद्र पर मौजूद रहेगी। कार्यक्रम में डब्ल्यूएचओ मॉनिटर मोहम्मद मुस्तकीम, डॉ. आंचल त्यागी, डॉ. राकेश कुमार, हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, फार्मासिस्ट जितेंद्र रावत, प्रदीप रावत, योगेश कुमार, हरीश कुमार, एआरओ आलोक कुमार, बीपीएम शालिनी बिश्नोई सहित स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मचारी, एएनएम, आशा व संगिनी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों को यह टीका अवश्य लगवाएं, जिससे उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

# नहटौर से पंजाब तक चचाओं में आ गए कोतवाल रवींद्र प्रताप

## 25 साल से खोए बुजुर्ग को उसके परिवार से मिलवाने वाली टीम को सलाम

**>>> नहटौर कोतवाल रवीन्द्र प्रताप ने बढ़ा दिया पुलिस विभाग का कद**

दरअसल पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देशन में काम कर रहे नहटौर थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने 25 साल के अरसे से परिवार से बिछड़े सदस्य को परिवार में भेजकर रविंद्र प्रताप सिंह ने बिजनौर पुलिस विभाग का जहां कद बढ़ा दिया तो वही यह भी साबित कर दिया कि एसपी अभिषेक झां की पुलिस पीड़ितो मजलूमों के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। सलाम है उस एसपी अभिषेक झा को जिन्होंने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए रविंद्र प्रताप सिंह जैसे काबिल ऑफिसर को नहटौर थाने का चार्ज दिया।





**दैनिक बुलंद मंजिल**
**ब्यूरो चीफ बिजनौर**

**बिजनौर /नहटौर।** रविवार को थाने में उस समय भावुक माहौल बन गया, जब पंजाब से आए तीन भाइयों ने अपने 25 वर्ष पहले बिछड़े भाई को गले लगाया। वर्षों की जुदाई के बाद हुए इस मिलन ने सभी की आंखें नम कर दीं। इतना ही नहीं परिवार ने नहटौर थाने की दहलीज को चूमते हुए कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह व उनकी टीम को सर झुका कर प्रणाम भी किया। आपको बतादें कि फलौदी निवासी सरदार सुरेंद्र सिंह ने हाल ही में चांदपुर चुंगी के पास मकान बनाया है, 30 मार्च को उनका बेटा जगप्रीत सिंह घर के बाहर टहल रहा था, तभी उसे एक मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत होने वाला व्यक्ति मिला। बातचीत के दौरान लंगर का जिक्र आने पर उसे उसके सिख होने का संदेह हुआ और वह उसे घर ले आया।परिवार ने उस व्यक्ति की सेवा की, उसके बाल और दाढ़ी कटवाकर नए कपड़े पहनाए। पूछताछ में उसने अपना नाम हंसा सिंह निवासी कपूरथला (पंजाब) बताया। इसके बाद सुरेंद्र सिंह ने स्थानीय पत्रकार और गांव के सरपंच के माध्यम से संपर्क साधा और पुलिस को सूचना दी। जांच में पुष्टि हुई कि हंसा सिंह करीब 25 साल पहले लापता हो गया था। रविवार को उसके भाई मोखा सिंह, जरनैल सिंह और वचन सिंह सहित अन्य परिजन थाने पहुंचे और पहचान के बाद उसे अपने साथ ले गए। कोतवाल रवींद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद हंसा सिंह को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।